इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -162 राजनांदगांव, सोमवार 29 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

मोदी के नेतृत्व में आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण को खत्म करना चाहती है और उसके इस मिशन को अंजाम देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

श्री गांधी ने भाजपा को आरक्षण खत्म करो गैंग का 'अड्डा' बताया और कहा कि श्री मोदी इस अड्डे के सरगना हैं।संविधान आरक्षण के जरिए सबको समान अवसर देता है, इसलिए कांग्रेस इस तरह की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी।

श्री गांधी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी 'आरक्षण खत्म करो' गैंग का अड्डा है और नरेंद्र मोदी उसके सरगना। भाजपा के लोग आरक्षण और संविधान को खत्म करना चाहते हैं। ये गलत है और हम ये कभी नहीं होने देंगे। संविधान कहता है कि देश के सभी लोगों को एक जैसा अधिकार मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा, संविधान से करोड़ों लोगों को आरक्षण मिला। देश की सारी संस्थाएं संविधान से निकली हैं, लेकिन अब श्री मोदी और आरएसएस चाहते हैं कि लोकतंत्र और संविधान खत्म किया जाए और अपने लोगों को देश का राजा बनाया जाए। आज देश के शिक्षण संस्थानों में आरएसएस के लोग बैठे हुए हैं जिनका शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। श्री गांधी ने जातिगत गणना को जरूरी बताते हुए कहा, जातिगत जनगणना मेरी लाइफ का मिशन है। कांग्रेस की सरकार आते ही हम जातिगत जनगणना करा देंगे।

राहुल गांधी ओडिशा में करेंगे रैली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दोपहर को कटक के सलीपुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। उससे पहले, कांग्रेस नेता ओडिशा के गठन में अहम् भूमिका निभाने वाले कानूनविद मधुसूदन दास के जन्मस्थान का दौरा करेंगे। कांग्रेस नेता दिन में बाद में दमन और दीव में सार्वजनिक सभा करेंगे।

एलन मस्क की मिसाल देकर बोले इसरो चीफ सोमनाथ, अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों से रिसर्च में आएगी तेजी

बंगलुरू। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने अंतरिक्ष में रुचि रखने वाले लोगों के साथ बात की। रविवार को इसरो के सोशल मीडिया पेज के माध्यम से बात करते हुए सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निजी कंपनियां निश्चित रूप से रिसर्च को बढ़ावा देने में मदद करेंगी।

इसलिए प्रगति कर रही है स्पेसएक्स

बातचीत के दौरान 'स्पेसएक्स ने अधिकांश देशों की तुलना में अंतरिक्ष क्षेत्र में अधिक योगदान दिया है' के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों को बढ़ावा देना अमेरिकी की परंपरा रही है। अमेरिका निजी कंपनियों को रॉकेट इंजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। स्पेसएक्स जैसे कंपनियां प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने, लागत कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

भारत में भी निजी कंपनियों के लिए इस प्रकार की क्षमताएं विकसित करना संभव है। हालांकि, यह तभी संभव होगा, जब सरकार निजी कंपनियों को प्रोत्साहित करेंगी। नासा अपनी कुछ तकनीक स्पेसएक्स के साथ साझा करती हैं, जिससे वे तेजी से विकास कर सके। यही वजह है कि स्पेसएक्स इतनी प्रगति कर रहा है।

भारत को आगे बढ़ते देख हम उत्साहित

सोमनाथ ने कहा कि भारत में भी दो कंपनियां काम कर रही हैं- स्काईरूट एयरोस्पेस और अग्निकुल कॉसमॉस। ये कंपनियां पहले ही लॉन्च वाहनों का परीक्षण कर चुकी हैं। भारत को आगे बढ़ते देख हम उत्साहित हैं। यह एक दिलचस्प है।

चंद्रयान मिशन आगे तक जारी रहेगा

इससे पहले, इसरो अध्यक्ष ने एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया, अहमदाबाद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम कहा था कि चंद्रयान-3 का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। हमने मिशन द्वारा भेजा गया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

एक्टर साहिल खान की मुश्किलें बढ़ी, महादेव सट्टा एप में कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा, जगदलपुर से हुई थी गिरफ्तारी

जगदलपुर (दावा)। बॉलीवुड एक्टर से बिजनेसमैन बने साहिल खान सट्टा एप में फंस गये हैं। एक्टर को बेटिंग ऐप केस में हिरासत में लिया गया था। इसके बाद साहिल को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है, हालांकि एफआईआर में उनके खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया है, लेकिन उनकी जमानत को खारिज करते हुए उन्हें चार दिन की कस्टडी में भेजा गया है। साहिल खान को मुंबई की कोर्ट ने 1 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। साहिल 4 दिन पुलिस कस्टडी में रहेंगे। मुंबई साइबर सेल की एसआईटी ने महादेव सट्टा ऐप मामले में साहिल को हिरासत में लिया था।

मुंबई में मेडिकल के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पुलिस ने साहिल खान को महादेव बेटिंग ऐप में आरोपी बताया है। साहिल खान को हिरासत में लेने के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें शिंदेवाड़ी कोर्ट में पेश किया, जहां एक्टर ने अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एफआईआर में साहिल पर कोई आरोप नहीं लगाया हैं। महादेव बेटिंग ऐप और द लायन बेटिंग ऐप से हुई एग्रीमेंट की कॉपी कोर्ट में सब्मिट कराई गई। इस एग्रीमेंट के मुताबिक सेलेब होने के नाते साहिल की भूमिका बेहद सीमित थी, उनके नाम पर कोई सिम कार्ड दर्ज नहीं किया गया था। एक्टर के बैंक स्टेटमेंट्स को भी जमा किया है, साहिल ने बिना किसी ऑब्जेक्शन के पुलिस का पूरा सहयोग किया और हर जानकारी दी। एक्टर हर दिन लगभग 3 घंटे तक सहयोग करते थे, एग्रीमेंट के मुताबिक साहिल को हर महीने 3 लाख रुपए मिलने थे, इस समझौते की अवधि 22 महीने की ही थी।

साहिल डिवाइन न्यूट्रिशियन नाम की एक कंपनी चलाते हैं, जो कि फिटनेस सप्लीमेंट्स बेचती है। साहिल खान पर लॉयन बुक ऐप को प्रमोट करने और इवेंट्स अटेंड करने का आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक मुंबई की माटुंगा पुलिस की महादेव बेटिंग ऐप केस की जांच में साहिल खान का नाम आया था। जिसके बाद एसआईटी ने हाल ही में साहिल से पूछताछ की थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही साहिल खान लगातर इधर उधर छुप रहे थे। वो तीन चार दिन पहले ही छत्तीसगढ़ पहुंचे थे।

'कांग्रेस के लिए नेहा जैसी बेटियों के जीवन की कोई कीमत नहीं', कर्नाटक में पीएफआई को लेकर भी खूब बोले पीएम मोदी

बेंगलुरु (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर वह नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों द्वारा किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलते।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में उन्हें व उनके कामों को देखा है और उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित है। हरिवंश राय बच्चन की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मैं न थकूंगा, न रुकूंगा और ही झुकूंगा।

प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़ के सिरसी, दावणगेरे और विजयनगर के होसपेट में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा, %कांग्रेस ने तुष्टीकरण और वोट बैंक को ध्यान में रखकर हमारा इतिहास और स्वतंत्रता संघर्ष लिखवाया। आज भी कांग्रेस के शहजादे उस पाप को आगे बढ़ा रहे हैं। आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने (राहुल गांधी) राजाओं और महाराजाओं पर लोगों तथा गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया।

कांग्रेस के शहजादे पर क्या बोले पीएम मोदी

कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी महान शख्सियतों का अपमान किया है जिनका प्रशासन और देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करती है। मैसुरु के पूर्व शाही परिवार के योगदान को याद करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे ने वोट बैंक की राजनीति और तुष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए जानबूझकर ऐसे बयान दिए। उन्होंने कहा कि मैसुरु के पूर्व शाही परिवार का उनके योगदान के लिए आज भी देशभर में सम्मान किया जाता है।

मोदी ने क्यों याद किया मुगल और औरंगजेब का दौर

मोदी ने कहा कि राहुल गांधी मुगल बादशाह औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं कर सकते। उसने (औरंगजेब) देश के कई मंदिरों को अशुद्ध किया और उन्हें नष्ट कर दिया। कांग्रेस उन पार्टियों के साथ गठबंधन कर रही है जो औरंगजेब की प्रशंसा करती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वे उन लोगों को याद नहीं करते जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थलों को नष्ट किया व गायों की हत्या में लिप्त रहे। वे नवाब को याद नहीं करते जिसने भारत के विभाजन में भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना में बनारस के राजा और मंदिर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ममता सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट 2016 में डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी के अनुसार, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ 29 मार्च को मामले की सुनवाई करेगी। पिछले हफ्ते पारित एक आदेश में, कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों की नौकरियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश देबांगसु बसाक और शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने आदेश दिया कि समाप्त पैनल से चयनित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ के इन 7 सीटों में भाजपा-कांग्रेस के 14 में से 13 प्रत्याशी करोड़पति, देखें लिस्ट में कौन सबसे आगे

रायपुर। लोकसभा के तीसरे चरण में 7 सीटों पर मतदान 7 मई को होगा। इन सीटों पर 168 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें भाजपा-कांग्रेस के 14 प्रत्याशियों में से 13 करोड़पति हैं।

प्रदेश में कोरबा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत सबसे अमीर प्रत्याशी हैं। उसके पास 17.93 करोड़ की कुल संपत्ति है। इसके बाद रायपुर से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन 17.7 करोड़ की कुल संपत्ति के साथ दूसरे नंबर है। जांजगीर-चांपा के कांग्रेस प्रत्याशी शिव डहरिया 13.07 करोड़ की संपत्ति के साथ तीसरे नंबर हैं। सरगुजा से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह को छोड़कर सभी करोड़पति है। पैसे और संपत्ति के मामले में भाजपा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने पीछे कर दिया है।

कई बड़े कर्जदार तो किसी के पास नहीं है कार

निर्वाचन आयोग को दी जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव की कुल संपत्ति 6 करोड़ से ज्यादा है, लेकिन उन पर 2 करोड़ से ज्यादा का कर्ज है। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू पर 2 करोड़ से ज्यादा तो ताम्रध्वज साहू पर करीब डेढ़ करोड़ का कर्ज है।

जांजगीर-चांपा सीट से भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पास खुद की कार नहीं है। सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज की संपत्ति 10 साल में 10 गुना बढ़ गई है।

एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी की मुश्किलें बढ़ीं, यूपी में 'सांप्रदायिक' टिप्पणी के लिए जारी होगा नोटिस

वाराणसी (आरएनएस)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 25 अप्रैल को वाराणसी में पीडीएम न्याय मोर्चा की एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान कथित सांप्रदायिक बयान देने के लिए उन्हें जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा।

काशी क्षेत्र के भाजपा कानूनी सेल के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सांप्रदायिक बयान दिया था।

अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट नीरज पटेल ने रविवार को शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि शुरुआती जांच के बाद, ओवैसी को नोटिस जारी किया जा रहा है। बीते गुरुवार को जनसभा में ओवैसी ने आरोप लगाया था कि मुख्तार अंसारी की न्यायिक हिरासत में हत्या कर दी गई। वह शहीद हुए और ऐसे लोग कभी नहीं मरते।

उन्हें बचाना भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह विफल रही। अपने 40 मिनट के संबोधन में ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा था, अखिलेश यादव का आधा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकर चाय पीता है और वह हमसे अपनी जान दे देने के लिए कहते हैं।

छह सौ दो करोड़ रुपये की हेरोइन, नाव के साथ 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

पोरबंदर। गुजरात के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस), भारतीय तट रक्षक और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) दिल्ली की टीम ने पोरबंदर के निकट समुद्र में पाकिस्तानी नाव और 14 पाकिस्तानी लोगों को 86 किलो हेरोइन के साथ पकड़ा है। पकड़ी गई हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 602 करोड़ रुपये है।

एटीएस सूत्रों ने रविवार को बताया कि एटीएस के पुलिस अधीक्षक के के पटेल को सूचना मिली थी कि पाकिस्तानी ड्रग माफिया हाजी असलम उर्फ बाबू बलोच द्वारा पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव 'अल-रज्जा' में कुछ अवैध हेरोइन या मेथामफेटामाइन लोड करके 25 अप्रैल की रात से 26 अप्रैल की सुबह के दौरान पोरबंदर के पास आईएमबीएल के निकट भारतीय जलक्षेत्र में आने वाली है। यह ड्रग्स तमिलनाडु के लोगों के माध्यम से श्रीलंकाई ड्रग माफिया तक पहुंचाया जाएगा। यह पाकिस्तानी नाव अपनी नाव के रेडियो पर अपने कॉल साइन %अली% के नाम से भारतीय जहाज को अपने कॉल साइन %हैदर% का पासवर्ड साझा कर भारतीय जहाज तक ड्रग्स पहुंचाने वाली है।

उन्होंने बताया कि उपरोक्त खुफ़िया जानकारी इंडियन कोस्ट गॉर्ड और एनसीबी (ऑप्स) दिल्ली के साथ साझा करने और संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अल्प समय सीमा को ध्यान में रखते हुए एटीएस गुजरात पीआई एन.आर. ब्रह्मभट्ट और पीएसआई एम एन पटेल सहित इंडियन कोस्ट गॉर्ड की एक टीम पोरबंदर से 180 नोटीकल माइल दूर आईएमबीएल की ओर पहुंची। 26 अप्रैल की सुबह निगरानी के दौरान जब उपरोक्त सूचना वाली एक संदिग्ध नाव दिखी तो उन्होंने तुरंत इस नाव में पकड़ने का प्रयास किया, इस दौरान नाव पर सवार लोग कुछ संदिग्ध पैकेटों को समुद्र में फेंक रहे थे और नाव को खतरनाक तरीके से ऑपरेशन टीम की नाव पर चढ़ाने का प्रयास किया गया जिससे ऑपरेशन टीम को गोलीबारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा और पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव पर गोलीबारी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सचिन पायलट का केन्द्र सरकार पर हमला, बोले- कांग्रेस के नेताओं को टारगेट करने से नहीं मिलेगा लाभ

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पहले दो चरण में जो हुआ है उससे बेहतर हमारा परफॉर्मेंस लास्ट चरण में होगा। हमारा जो चुनाव है मेनिफेस्टो के आधार पर है विचारधारा के आधार पर है। 5 साल का हमारा सकारात्मक रोड मैप क्या है, हम उस पर चर्चा कर रहे हैं।

पायलट ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझे बड़ा दुख है कि जो सत्ताधारी दल है और जिनकी सरकार पिछले 10 सालों से दिल्ली में है उनका काम और भाषण है। कभी वो प्रियंका गांधी के बारे में बोलते हैं तो वो कभी राहुल गांधी के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर बात करते हैं जिसका कोई लाभ नहीं है। इन नकारात्मक बात को जनता खूब समझ रही है। पहले दो चरण में बीजेपी बैकफुट में है यह उनके भाषण में दिख रहा है।

चुनाव परिणाम को लेकर पायलट ने कहा कि यह 4 जून को पता चलेगा, लेकिन जो फीडबैक हमें मिल रहा है वह सकारात्मक है ।जो बड़ी-बड़ी बातें बोलती थी बीजेपी कि 400 पार 500 पार वह दूर-दूर तक असलियत में नहीं है। कांग्रेस और इंडिया एलायंस के हर उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और हम जीत रहे हैं मैं ऐसा मानता हूं। वो हमारे नेताओं को व्यक्तिगत टारगेट कर रहे हैं इसे कुछ लाभ मिलने वाला नहीं है। पब्लिक कांग्रेस के साथ है, 10 साल का पूरा मौका जनता ने उन्हें दिया है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी कोशिश कर रही है कि ध्यान डायवर्ट किया जाए और जाति धर्म जज्बात पर चुनाव लड़ा जाए। हम चाहते हैं कि किसान, महिला नौजवान हर वर्ग को आगे ले जाने का काम करें। हमारे मेनिफेस्टो में जो लिखा है वह साफ-साफ ब्लैक एंड व्हाइट में लिखा है। उसको आप मनगढ़ंत बातें कह रहे हैं और अकल्पनीय बता रहे हैं। बीजेपी बात कर रही है मंगलसूत्र की मंदिर मस्जिद की हिंदू मुस्लिम की और हम बात कर रहे हैं मनरेगा और एमएसपी की।

बेलोदा में रात के अंधेरे में हो रहा अवैध रेत खनन, खनिज अधिकारी बोले- होगी कार्रवाई

बालोद (दावा)। बालोद जिले के वनांचल क्षेत्र के ग्राम बेलोदा मतदान खत्म होने के साथ ही रात में बेधड़क अवैध रेत का उत्खनन शुरू हो चुका है पूरे मामले पर सरपंच जगनू राम मंडावी ने पैसा कानून का हवाला देते हुए कहा कि मुझे इस संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है जो भी है वह ग्राम सभा ही तय करती है वहीं पूरे मामले पर जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने कहा कि हमने दो दिन पहले टीम भेजी थी तो काम बंद था अभी रेत उत्खनन की जानकारी मिल रही है तो कार्रवाई की जाएगी।

तांदुला नदी में उत्खनन

वनांचल क्षेत्र ग्राम बेलोदा के तांदूला नदी में जमकर अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है रात में लगभग सैकड़ो गाड़ियां लगती है जिसमें रेत का परिवहन भी किया जा रहा है वर्तमान में रात में



उत्खनन करने के बाद सुबह मशीन को छुपा दिया जाता है वहीं पूरे मामले पर सरपंच का कहना है कि ग्राम सभा ने रेट खदान संचालन की बात कही मेरा इसमें किसी तरह का कोई हस्तक्षेप नहीं है उनके द्वारा कि ठेकेदारों को कम दिया गया है यह भी मुझे जानकारी नहीं है।

मतदान खत्म होते ही उत्खनन

ग्राम अध्यक्ष दुलाल सिंह गावड़े ने बताया कि रेत खदान का संचालन हो रहा है परंतु मैं ग्राम पटेल होने के नाते कुछ नहीं कह सकता मैं समिति का एक सदस्य मात्रा हूं उन्होंने कहा कि बालोद के एक ठेकेदार ने नंबर छोड़ा है और कोई आए तो बात कराने कहा गया है इससे अधिक मैं कुछ नहीं कह सकता मैं खदान के संदर्भ में कुछ भी कह पाने के लिए सक्षम नहीं हूं।

बना रेम, चैन माउंटेन ठिकाने पर

रेत उत्खनन का काम शुरू हो चुका है रात में खदाने संचालित हो रही है सुबह मशीन को ठिकाने लगा दिया गया है पर खदान में रेम बना है ये स्पष्ट नजर आ रहा है रेत उत्खनन हुआ है और रेत को एकत्र किया गया है जहां खनन किया जा रहा है वहां पर गहरा गड्ढा भी किया जा चुका है।

टीम चुनाव से लौटी, करेंगे कार्रवाई

पूरे मामले पर जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने स्पष्ट का है कि हमारी टीम चुनाव कार्य में लगी हुई थी और कल सभी वापस ड्यूटी पर लौटेंगे उनके आने के साथ ही हम रेत खदानों पर पुनः कार्रवाई शुरू करेंगे वेलोदा रेत खदान की शिकायत पहले भी प्राप्त हुई है हम वहां गए थे पर कुछ नहीं मिला था अभी खदान संचालन की बात सामने आई है तो इसमें जरूर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस लेकर पहुंचे वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकर्ता, बंद कराई गई प्रार्थना सभा

बालोद (दावा)। बालोद जिले में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्यों ने पुलिस की मौजूदगी में आज एक जगह चल रहे प्रार्थना सभा को बंद कराया है। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार है और आज के दिन होने वाले नियमित प्रार्थना सभा की सूचना बजरंग दल को मिली थी इसके बाद इसके संदर्भ में पुलिस को मौखिक शिकायत दर्ज कराई गई और पुलिस की मौजूदगी में प्रार्थना सभा को बंद भी कराया गया।

आपको बता दें कि मौके पर उपस्थित बालोद पुलिस के अधिकारी धरम भुआर्य व अन्य सिपाहियों ने घर के अंदर प्रार्थना कर रहे लोगों को बाहर निकलने को कहा व चेतावनी दी कि आगे इस प्रकार से धार्मिक संदिग्ध कार्यक्रम न करे प्रार्थना करना हो तो अपने धार्मिक स्थलों में जाकर करें जिससे किसी को भी इस प्रकार का संदेह न रहे। आज विहिप के जिला मंत्री राजेश सोनी व उमेश सेन ने अवैध प्रार्थना सभा चलाये जाने को लेकर पहले पुलिस को सूचना दी व मौके पर उपस्थित रहकर प्रार्थना सभा को बंद करवाने का काम किया।

उमेश सेन ने बताया कि अटल आवास, कुंदरू पारा, सिवनी, पाररास सहित अन्य कई स्थानों पर कुछ लोग गैरकानूनी धार्मिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए है। व पूर्व में भी ऐसे लोगो को समझा कर छोड़ दिया गया है। कानूनी कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ रहा है। जिला मंत्री राज सोनी,उमेश सेन व मोनू सोनवानी लोकेश साहू ने ऐसे मामलों पर कहा कि बालोद जिला में धार्मिक संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने हमारे सूचना तंत्र सभी ओर फैले (खबर देने वाले) फैले हुए हैं बजरंग दल तैयार है। और हम लगातार ऐसे कार्यों पर निगरानी रखे हुए है। आगे भी ऐसे लोगो व कार्यक्रम पर रोक लगाया जाएगा।

पहला कॉलम...

बैंक का सर्वर डाउन होने पर भड़की महिला, कर्मचारी को जड़े थप्पड़ पे थप्पड़

खैरागढ़ (दावा)। सोशल मीडिया के जमाने में वीडियो का वायरल होना आम बात हो गई है. आए दिन कोई न कोई वीडियो वायरल होता रहता है. वहीं बैंक कर्मचारी की पिटाई का एक वीडियो पिछले कुछ दिनों से वायरल हो रहा है. जिसमें एक महिला एक बैंक कर्मचारी को गालियां देते हुए थप्पड़ जड़ते नजर आ रही रही है.

बैंक कर्मचारी के साथ मारपीट और गाली गलौज का वीडियो खैरागढ़ जिले के बकरकट्ठा गांव का बताया जा रहा है. जहां महिला पंजाब एंड सिंध बैंक की बकरकट्ठा ब्रांच में अपने पैसे लेने पहुंची थी. लेकिन बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा था. इसी बात को लेकर महिला और बैंक मैनेजर में विवाद हो गया और मारपीट शुरू हो गई. इस घटना का वहां मौजूद किसी शख्स ने अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया. हालांकि इस मामले में दोनों ओर से पुलिस ने कोई शिकायत नहीं की गई है.

हसदेव नदी में पलटी नाव एक की मौत

कोरबा (आरएनएस)। जिले के हसदेव नदी में आंधी-तूफान के चलते नाव पलटने से नाव में सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक किसी तरह से तैरकर किनारे पर पहुंचा। सूचना पर मौके पर पहुंची बालको थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना बालको थाना अंतर्गत बांगो के डुबान इलाके डांगाघाट की है, जहां 32 वर्षीय कृपाल राम गाड़ा अपने दोस्त के साथ नाव में मछली लेकर हसदेव नदी पार कर रहा था। इस दौरान मौसम में हुए बदलाव से चले आंधी-तूफान में उनकी नाव पलट गई और दोनों दोस्त नदी में गिर गये। दोनों तैरकर बाहर निकलने का प्रयास कर रहे थे किंतु रास्ते में कृपाल राम की सांस उखड़ने लगी जिसके बाद उसके दोस्त ने बीच नदी में आधे घंटे तक उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कृपाल राम तैर नहीं पाया और उसकी नदी में डुबने से मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक ने नदी से बाहर निकलने में सफल हो गया और उसकी जान बच गई। जिसके बाद उसने बालको थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बालको पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

गांजा के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7 किलो 880 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन चौक के गेट नंबर 2 के पास गांजा बेचते आरोपी आयुष कुमार पांडे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 7 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने ग्राम छपोरा में दबिश देकर आरोपी सफिजन बेगम 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 780 ग्राम गांजा व बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गायत्री विद्यापीठ में भगवतगीता के माध्यम से जीवन प्रबंधन विषय पर कार्यशाला

शिक्षाविद् गगन लड्ढा का प्रभावी मार्गदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में गीता के माध्यम से जीवन प्रबंधन विषय पर प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जो गेट एकडमी के डायरेक्टर, एवरडमी के फाउण्डर एवं सीईओ, गायत्री विद्यापीठ के वर्तमान सचिव जो धार्मिक वातावरण में पले पढ़े, धर्म व अध्यात्म मार्ग का भी बेहतर ज्ञान रखते हैं। इनकी गरिमामयी उपस्थिति में आज विद्यालय के सभागार में जीवन प्रबंधन विषय पर बेहद प्रभावी प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में श्री गगन लड्ढा द्वारा जीवन में आने वाली चुनौतियों का, परेशानियों का समाधान हम किस प्रकार कर सकते हैं इसे श्रीमद भागवत गीता के विभिन्न प्रसंगों से जोड़कर सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। जिसका लाभ विद्यालयीन शिक्षकों को मिला। श्री लड्ढा ने यह भी बताया कि जीवन की सारी समस्याओं का समाधान गीता में है ''हम केवल धर्म ग्रंथों की पूजा, उपासना तक ही सीमित न रहें बल्कि इसे अपने आचरण में भी उतारें, ऐसा करना ही हमारा ईश्वर के प्रति सच्ची भक्ति होगी। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से अनेक ऐसे प्रसंगों का भी उल्लेख किया जहां शिक्षक या विद्यार्थी कर्तव्य पथ से वंचित हो जाए तो समाधान किस प्रकार मिले, ऐसी अनेक महत्वपूर्ण बातों का समाधान उन्होंने बताया। अंत में सभी ने वक्ता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, शंका का समाधान पाया। स्वागत उद्बोधन श्री बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने वक्ता गगन लड्ढा की प्रस्तुति हेतु मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, प्रशासक अनिल बाजपेयी के साथ-साथ ओमप्रकाश लड्ढा, श्रीमती राधादेवी लड्ढा, शाला के प्रभारी प्राचार्य अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती पिंकी खण्डेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, श्रीमती तामेश्वरी साहू, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ श्रीमती ओमवती सिंग भी उपस्थित थी। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

श्री बालाजी हॉस्पिटल में परामर्श एवं जांच में 50 प्रतिशत की छूट

- संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में जांच में 25 प्रतिशत व परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट
- जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अनुकरणीय पहल की सराहना की

रायपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के लिए निजी प्रतिष्ठानों द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। श्री बालाजी हॉस्पिटल और संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल ने मतदाता जागरूकता के लिए अंगुली में स्याही दिखाने पर परामर्श और जांच में छूट देने की घोषणा की है। दोनों संस्थानों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह को पत्र सौंपा है। इस कार्य के लिए कलेक्टर ने इन प्रतिष्ठानों की सराहना की है।

मोवा के श्री बालाजी हॉस्पिटल में मतदाताओं को 7 मई के दिन ओपीडी में परामर्श निशुल्क दिया जाएगा। 8 से 12 मई के मध्यम में ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 से 12 मई तक ओपीडी में जांच पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अलावा संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा 7 मई को निशुल्क परामर्श दी जाएगी। साथ ही ओपीडी जांच में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 8 मई को ओपीडी परामर्श में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। 7 मई को भर्ती होने वाले मतदाताओं से रूम का किराया भी नहीं लिया जाएगा। निजी प्रतिष्ठानों ने भी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है।

नाबालिग से दुष्कर्म, दो आरोपी भेजे गये जेल

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगाव में दिमागी रूप कमजोर नाबालिग बालिका का अपहरण कर गैंगरेप करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बालिका जब गर्भवती हुई तब परिजनों को इसकी जानकारी मिली। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना गैंदाटोला थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता नाबालिग बच्ची की मां ने 27 अप्रैल को थाना गैंदाटोला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग लड़की, जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है उसका ईलाज चल रहा है। इसी माह नवरात्रि में जब उसकी लड़की का पेट बढ़ने लगा और दर्द होने लगा, तब उसका चेकअप कराया गया। सोनोग्राफी में डाक्टर ने बच्ची को गर्भवती होना बताया। पीड़ित बच्ची से जब पूछताछ की गई तो पता चला कि माह अक्टूबर 2023 में अपनी दीदी के साथ खेत धान काटने गई थी। तभी गाँव का सौरभ कंवर, डोमन कंवर मोटर साइकिल से खेत के पास आए और पीड़िता का मुंह को दबाकर मोटर साइकिल में जबरन बैठाकर पास के पहाड़ी में ले गए। जहां पर आरोपियों ने उसके साथ बलात्कार किया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने इसके बाद भी पीड़िता के साथ कई बार बलात्कार किया। ईधर सोनोग्राफी के बाद पता चला कि पीड़िता के पेट में बच्चा खराब हो चुका तथा तथा पीड़िता की उम्र कम होने के कारण मां नहीं बन सकती थी। जिसके बाद परिजनों ने सहमती से बच्ची का गर्भपात करा दिया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर सौरभ कंवर व डोमन कंवर के विरूद्ध धारा 363, 366(क), 376 (घ),506 भादवि एवम 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी मोहित गर्ग ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना गैंदाटोला पुलिस के द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए सौरभ उर्फभूरू कंवर 20 वर्ष, डोमन कंवर 26 वर्ष निवासी ग्राम बेलरगोंदी थाना गैंदाटोला को पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री के पोते प्रज्वल रेवन्ना, सामने आई अश्लील वीडियो

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं।

बता दें कि 26 अप्रैल को कर्नाटक के पहले फेज के हुए मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना हजारों महिलाओं के उत्पीड़न और यौन शोषण में शामिल हैं और उन्होंने इन कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया है। उनमें रिकॉर्डिंग में घर पर काम करने वाली नौकरानियां और हाईप्रोफाइल महिलाएं शामिल हैं।

वहीं, हसन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है। इंटरनेट पर वीडियोज वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सिद्धारमैया से एसआईटी जांच करवाने का अनुरोध किया था। जांच का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में सरकार ने एक एसआईटी बनाने का फैसला किया है। हसन जिले में अश्लील वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया गया है। इस दौरान, कांग्रेस जेडीएस पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस की महिला यूनिट की सदस्यों ने सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

बीजेपी ने बनाई दूरी

बीजेपी ने प्रज्वल रेवन्ना मामले से दूरी बना ली है। राज्य में बीजेपी और जेडीएस का लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन है। कांग्रेस सरकार द्वारा मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन की घोषणा के एक दिन बाद, बीजेपी की राज्य यूनिट के मुख्य प्रवक्ता एस प्रकाश ने कहा, एक पार्टी के रूप में हमें वीडियो से कोई लेना-देना नहीं है और न ही हमें प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित सेक्स स्कैंडल की राज्य सरकार द्वारा घोषित एसआईटी जांच पर कोई टिप्पणी करनी है।

एक महिला समेत दो नक्सलियों ने किया सरेंडर

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के सुकमा इलाके में सक्रिय दो नक्सलियों ने पड़ोसी राज्य तेलंगाना में सरेंडर किया है। इनमें एक महिला नक्सली शामिल है। यहां भद्रादि कोत्तागुडम पुलिस के सामने दोनों नक्सलियों ने हथियार डाले हैं।

ये दोनों नक्सली किस्टाराम एरिया कमेटी में पिछले 13 सालों से सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ में एनकाउंटर का डर था इसलिए हिंसा का रास्त छोड़ा और मुख्यधारा में लौट आए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार नक्सली पोडियम इदुमैया उर्फ हरीश और उइके मुथ्यालक्का ये दोनों नेमलागुड़ा के रहने वाले थे। किस्टाराम एरिया कमेटी में सक्रिय थे। साल 2011 से नक्सल संगठन के साथ जुड़कर काम कर रहे थे। अलग-अलग घटनाओं में शामिल थे। पुलिस पार्टी को एंबुश में फंसाना। जवानों की रेकी करना। हत्या, आगजनी जैसी वारदातों में भी शामिल रहे हैं।

नहीं थम रही मणिपुर हिंसा, स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल

इंफाल। मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले के एक दिन बाद रविवार को दो समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल लोग हो गए।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ग्राम स्वयंसेवकों के सशस्त्र कैडरों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से इंफाल पश्चिम जिले के कौत्रुक गांव पर हमला किया। इसके बाद सीमावर्ती गांव में तैनात स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। निकटवर्ती कडांगबंद और सेनजाम चिरांग गांव भी गोलीबारी की जद में आ गया।

आदिवासी एकता समिति ने बंद का आह्वान किया

पुलिस अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी में 'पम्पी' नाम से जाने जाने वाले मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इस बीच कांगपोकपी जिले की आदिवासी एकता समिति ने रविवार दोपहर से जिले में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है। समाजार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए संयुक्त केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गई है।

सीआरपीएफ के दो जवान शहीद

इससे पहले बिष्णुपुर जिले में शनिवार तड़के आईआरबीएन (इंडिया रिजर्व बटालियन) के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए। हमले में दो अन्य जवान घायल हुए हैं। उग्रवादियों ने कैंप को निशाना बनाते हुए पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की।

उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फट गया। सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन कैंप की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। इस हमले में प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों की पहचान असम के कोकराझार जिले के निवासी सब-इंस्पेक्टर एन.सरकार और बंगाल के बांकुरा जिले के हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास गोलियों के छर्रे लगने से घायल हैं।

दोषियों को बहुत जल्द दी जाएगी सजा- सीआरपीएफ महानिरीक्षक

वहींस एएनआई के अनुसार उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों के बलिदान के बाद सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि बहुत जल्द हमलावरों की पहचान की जाएगी और उन्हें दंडित किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आज करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ़्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ 29 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

केजरीवाल की याचिका 6 मई को हो सुनवाई

पिछले हफ्ते, आप सुप्रीमो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को बताया था कि केजरीवाल की याचिका 6 मई को सुनवाई के लिए लगाई हुई है। जवाब में, जस्टिस खन्ना ने वरिष्ठ वकील से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए एक ईमेल भेजने को कहा था। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय हुई।

बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए मुझे गिरफ्तार किया गया

शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने नए हलफनामे में, आप सुप्रीमो ने अपनी गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की है और कहा है कि यह चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी को अनुचित रूप से फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है।

ईडी के नौ बार तलब किए जाने के बावजूद पेश नहीं हुए

इस बीच, ईडी के जवाबी हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल की याचिका में कोई दम नहीं है और उनके 'असहयोगात्मक रवैये' के कारण उनकी गिरफ्तारी जरूरी हो गई थी। हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए और पूछताछ से बचते रहे। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया था, जिसमें एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी को 24 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा था।

स्टेशन पारा में फर्जी मतदान को लेकर विवाद बढ़ा

कांग्रेस के आसिफ अली ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव का दूसरे चरण में मतदान 26 अप्रैल को संपन्न हुआ है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया, वही भाजपा ने मौजूदा सांसद संतोष पाण्डेय को चुनावी मैदान में उतारा है।

वही लोकसभा चुनाव में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है कांग्रेस के उत्तर ब्लॉक के अध्यक्ष ने स्टेशन पारा में फर्जी मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराया है। उन्होंने ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता द्वारा अंतिम नामांकन सूची से डिलीट (हटाए गए) व्यक्ति के नाम से फर्जी तरीके से मतदान कराया है जिसकी शिकायत निर्वाचन आयोग में कर दी गई है।

कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने शिकायत पत्र में लिखा है कि लोकसभा चुनाव 2024 में दिनांक 26 अप्रैल को सम्पन्न हुए मतदान में मतदान केन्द्र संख्या 91 में रंजना दास, स्वप्निल दास, अभिषेक दास, महेन्द्र वर्मा, लक्ष्मी आनंद का नाम स्पष्ट रूप से डिलिटेड होने के बाद भी महेन्द्र वर्मा एवं लक्ष्मी बाई को भाजपा नेता अनिल गजभिये मतदान केन्द्र के अंदर अनाधिकृत रूप से स्वयं प्रवेश कर पीठासीन अधिकारी से चर्चा कर जिनका नाम मतदाता सूची में डिलिट किया जा चुका है उन्हें एक फार्म भराकर मतदान कराने की अवैधानिक कार्यवाही कराकर मतदान को कलंकित एवं फर्जी करने का कार्य किया है। इस संबंध में कांग्रेस के मतदान अभिकर्ता दीपक यादव के द्वारा तत्काल रूप से आपत्ति भी दर्ज कराई गई किन्तु पीठासीन अधिकारी द्वारा आपत्ति पर ध्यान न देते हुए अपने पद का दुरूपयोग कर एक फार्म भरवाकर महेन्द्र वर्मा एवं लक्ष्मी आनंद का नाम डिलिट हो गया है, उसका मतदान कराया गया है।

उसके कुछ पश्चात रंजना दास, स्वप्निल दास, अभिषेक दास के द्वारा भी मतदान करने के लिए मतदान केन्द्र के अंदर प्रवेश किये जाने पर कांग्रेस पार्टी के मतदान अभिकर्ता दीपक यादव एवं रिलीवर अब्दुल हनीफ खान द्वारा आपत्ति किये जाने पर इनका मतदान नहीं कराया गया। मतदान के समय अशांति का वातावरण निर्मित करने का लगातार प्रयास अनिल गजभिये के द्वारा किया जाता रहा है। अनिल गजभिये जो बूथ नंबर 91 व 92 के मतदाता भी नहीं है लगातार बूथ के अंदर प्रवेश कर हस्तक्षेप निरंतर करता रहा है जो मतदान केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के अवलोकन से प्रमाणित भी होवेगा।

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र के अंदर बिना किसी वैध अनुमति के बार-बार मतदान केन्द्र के अंदर जबरदस्ती प्रवेश करना जिसे मतदान कक्ष में तैनात सुरक्षा जवानों के द्वारा भी कोई रोकटोक नहीं किया गया जिसके कारण भी दबाव बनाकर डिलिट नाम वाले व्यक्ति का मतदान कराने का गंभीर अपराधिक कृत्य अनिल कुमार गजभिये के द्वारा किया गया है।

ज्ञात हो कि विशेष प्रकरण के तहत बूथ नंबर 91 के मतदाता सूची क्रमांक के डिलिट नामो द्वारा किये गए मतदान एवं मतदान अवधि का सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन कर फर्जी मतदान करने एवं कराने में संलिप्त सभी पर अपराध दर्ज करने की कार्यवाही करने का कष्ट करें ताकि लोकतंत्र के महापर्व को कलंकित एवं पारदर्शी प्रक्रिया को दूषित करने वालो को सबक मिल सके।

नीरज समर क्लासेस बलदेव बाग स्कूल में प्रारंभ

बच्चों में नैतिक ज्ञान हेतु विशेष संस्कार कक्षाएं

राजनांदगाँव (दावा)। नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा बड़े पैमाने पर समर क्लासेस में विशेष नयी कक्षाओं का संचालन नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल, बल्देवबाग में 1 मई से किया जा रहा है। ये क्लासेस एनबी ग्रुप के साथ शहर के सभी बच्चों के लिए रखी गई है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा इस समर क्लास में विशेष रुप से भारतीय संस्कृति को जागृत करने हेतु सनातन धर्म की रीति को बच्चों में उदीयमान करने के लिए 'संस्कार क्लास' प्रारंभ की जा रही है।

विशेष 'संस्कार कक्षा' महर्षि महेश योगी के शिष्य आचार्य अनिल तिवारी के मार्गदर्शन में ली जायेगी। सनातन धर्म की रीति, पूजा-पाठ की विधि, अपने नैतिक मूल्यों को तथा अपने दिनचर्या में घटित रोजाना के कार्यों को सरल तरीके से बच्चों को इसकी जानकारी दी जायेगी। संस्कार कक्षा हेतु बच्चे भारतीय परिधान में शाला आयेंगे तथा साथ ही बच्चे अपने साथ कुछ पुष्प भी लायेंगे। संस्कार कक्षा हेतु बच्चे कक्षा नर्सरी से चौथी कक्षा तथा कक्षा चौथी से लेकर सभी वर्गों के लिए रखा गया है। एनबी ग्रुप द्वारा यह छोटी सी कोशिश की जा रही है ताकि घटते नैतिक मूल्य व संस्कार को हम बच्चों में जीवित कर बच्चे को जिम्मेदार व संस्कारवान बना सके। बच्चों में मानसिक स्वस्थता के साथ शारीरिक स्वस्थता भी आवश्यक है।

इस हेतु जिमनास्टिक कक्षाओं को भी आयोजन किया जा रहा है। जिमनास्टिक कक्षा हेतु विशेष रुप से भिलाई से विशेषज्ञों की नियुक्ति की गयी है। जिमनास्टिक खेल को मदर आफ स्पोर्ट्स कहा जाता है। जिमनास्टिक कक्षा हेतु निःशुल्क सात दिवसीय डेमो क्लास ली जायेगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वस्थता आज की प्रमुख आवश्यकता है। इसलिए एनबी ग्रुप की ओर से समर क्लासेस का संचालन किया जा रहा है। संस्कार कक्षा तथा जिमनास्टिक कक्षा के अलावा कराटे के साथ योगासन कक्षाएँ दुर्गेश सर एवं सुषमा मैम द्वारा ली जायेगी। इंग्लिश व हिन्दी रिडिंग और राइटिंग, स्पोकन ग्रामर की कक्षाएँ रश्मि मैम, ज्योति मैम तथा माही मैम द्वारा ली जायेगी। ड्राइंग, डांस, केशियो, गायन (वोकल) तथा तबला की कक्षाएँ इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ली जायेगी। साथ में मैथ्स फंडामेंटल तथा अबेकस की कक्षाएँ नेहा मैम तथा रमाकांत सर द्वारा लिया जायेगा। उपरोक्त कक्षाएँ प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक तथा शाम 4 बजे से 7 बजे तक दो पालियों में ली जायेगी। इन सभी कक्षाओं में बच्चों को विषय अनुरुप बारीकियों का अध्ययन कराया जायेगा। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से विशेष आग्रह है कि इन समर क्लासेस का उचित लाभ अपने बच्चों को जरुर दें। इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों को संस्कारित करना है। शिक्षा के साथ संस्कार को जीवन में अपनाना ही एनबी ग्रुप का प्रयास है। इन कक्षाओं हेतु 6262611851 तथा 7489927693 पर संपर्क किया जा सकता है।

सनसिटी में चल रहा निःशुल्क योग शिविर

राजनांदगांव (दावा)। सनसिटी कॉलोनी में बच्चों के लिए 24 से 30 अप्रैल तक विशेष योग, ध्यान व प्राणायाम का शिविर लगाया गया है। गर्मी की छुट्टियों में लगभग 45 बच्चे सुबह 6 से 7.30 तक नियमित योग शिविर का लाभ ले रहे है। सत्यानंद योग आश्रम के योग शिक्षक श्री बजाज द्वारा सिखाया जा रहा है, इस योग शिविर की संयोजिका श्रीमती रुपाली गाँधी, योग के पश्चात बच्चों को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण जानकारी रोचक तरीके से व एक्टिविटी द्वारा बता रही है। उनका कहना है कि ये बच्चे देश का भविष्य है, इनके अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना हमारा कर्तव्य है, ये पीढ़ी स्वस्थ रहेगी तो समाज स्वस्थ होगा।

सनसिटी कालोनी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने इस सफल शिविर हेतु बधाई दी है। उक्त जानकारी मनीष साहिता व योगेश कोटक ने दी।

भानेश्वरी मंदिर में जिला साहू संघ की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ की बैठक 28 अप्रैल को सिंघोला के माता भानेश्वरी मंदिर में दोपहर 11:00 बजे से शुरू हुई जो काफी देर तक चली। बैठक का उद्देश्य आगामी 09 मई को मां भानेश्वरी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाने को लेकर आयोजित की गई थी।

आयोजित बैठक में प्रदेश साहू संघ संयोजक न्याय प्रकोष्ठ एवं जिला प्रभारी चतुर्भुज साहू उपस्थित हुए। अन्य प्रमुख पदाधिकारी में जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, नीलमनी साहू महामंत्री, शैलेंद्र साहू, नीरा साहू उपाध्यक्ष, मदन साहू, उपाध्यक्ष नोबल साहू कोषाध्यक्ष, महेन्द्र साहू, माधव साहू संगठन सचिव, विजय साहू अंकेक्षक, श्रीमती अंजु साहू तहसील अध्यक्ष, श्रीमती सरोज साहू, केशरी साहू, तारा साहू, मिलाप साहू संयोजक, ईश्वर साहू, शिवकुमार साहू सहसचिव, चंद्रशेखर साहू, धनराज साहू सचिव डोंगरगांव तहसील, सुन्दर लाल साहू, जगत नारायण, भीखम साहू, इतवारी साहू, नंदू साहू, चेतन साहू, पुजेरी लाल, खुबलाल साहू, पंकज साहू, चंद्रकृत साहू, हीरा लाल, खेमलाल साहू, जगमोहन साहू, गुरुचरण साहू, जशवंत साहू, मानसिंह साहू, रामेशर साहू, लावेश साहू, दीपक साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणि साहू ने दी है।

अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हुए विभिन्न निर्णय

श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट का होगा पुनर्गठन, चाम्पा के रानी सती दादी मंदिर में हुई बैठक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा द्वारा झुन्झनू धाम चाम्पा में स्थापित रानी सती दादी जी के मंदिर के सभागार में आज 28 अप्रैल को संपन्न हुई, बैठक का आयोजन श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक सदस्य महेंद्र सावी मित्तल ने अपने समिति के सदस्यों के सहयोग से किया था। बैठक का शुभारंभ अग्रकूल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात आगंतुक सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का स्वागत दादी मंदिर परिवार की ओर से मातारानी की माला, दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमेन डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग ने करते हुए विस्तार पूर्वक संगठन के कार्यो की जानकारी दी तथा बैठक में सर्वसम्मति से श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के पुनर्गठन करने का निर्णय लेते हुए वरिष्ठ संरक्षक सियाराम अग्रवाल को अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट को सक्रिय करने की जिम्मेदारी दी गई ।

इसी तरह बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए निर्वाचन के लिए बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़ को जिम्मेदारी देते हुए नए निर्वाचन संपन्न कराने का निर्णय लिया गया, वहीं बैठक के दौरान आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी सदस्यों को शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई गई। बैठक में गत माह वृंदावन में संपन्न राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पारित प्रस्तावों पर भी चर्चा करते हुए प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगाने, राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश में करने, आगामी अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन करने, शासन द्वारा संचालित केंद्रीय योजनाओं एवं प्रांतीय योजनाओं में से एक योजना का नामकरण भगवान अग्रसेन जी के नाम पर करने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों से आग्रह करने, अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से संचालित उच्च शिक्षा ऋण योजना, स्वास्थ्य, एंबुलेंस सेवा सहित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया।

साथ ही बैठक में आगामी समय में समाज में मांगलिक कार्यों में प्रचलित लिफाफा पद्धति को बंद करने, महिलाओं के स्वालंबन हेतु अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से आर्थिक सहायता हेतु पहल करने सहित अनेको निर्णय लिए गए तथा बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रम के संयोजक प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने बताया कि अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सहयोग से कोई शाखा अगर कैंप करवाना चाहती है तो उसकी व्यवस्था संगठन द्वारा की जाएगी एवं निःशुल्क फ़ाइब्रो स्कैन लीवर जांच शिविर के आयोजन के संबंध में भी बताया की प्रांतीय संगठन द्वारा यह शिविर पूर्ण रूप से निःशुल्क करवाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में आगामी बैठक मैनपाट में सुभाष गोयल अंबिकापुर के आतिथ्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल के आग्रह पर श्री नारायणी सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक महेंद्र सावी मित्तल ने कहा कि भगवान अग्रसेन जी के मंदिर निर्माण हेतु इस दादी मंदिर परिसर में पहल की जाएगी तथा मंदिर की स्थापना की जाएगी वहीं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा समाज में व्याप्त वैवाहिक कुरीतियों एवं संस्कारों को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया जो कि आगामी दिनों में इस पर कार्य करेंगी जिसमें महेंद्र सेक्सरिया, उमेश मुरारका बिलासपुर, दिनेश मित्तल अकलतरा, श्रीमती नेहा अविनाश गोयल चाम्पा एवं युवा प्रतिनिधि के रूप में पंकज अग्रवाल दुर्ग को शामिल किया गया, इसके अलावा समाज के संस्कारों से संबंधित एक पत्रिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. अशोक अग्रवाल, श्रीमती गंगा अग्रवाल, पंकज अग्रवाल दुर्ग सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। साथ ही बैठक के दौरान श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के भी सभी ट्रस्टी एवं सदस्य बैठक में उपस्थित थे तथा अग्रवाल संगठन की ओर से आतिथ्य शाखा के रूप में सुंदर बैठक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, जलपान व्यवस्था एवं मंदिर के दर्शन की व्यवस्था करने पर सभी सदस्यों का मोतियों की माला के माध्यम से स्वागत किया गया तथा दादी परिवार के सदस्यों ने भी आत्मीयता के साथ बैठक में पधारे सभी सदस्यों का अभिनंदन किया एवं मंदिर परिसर में ही दादी की रसोई में सभी ने जलपान एवं भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया।

वहीं 28 अप्रैल को संपन्न बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के आगामी दिनों में संगठन को मजबूत करने के संबंध में अनेकों निर्णय दिए गए, साथ ही सभी निर्णय का क्रियान्वयन करने का भी संकल्प लिया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की चाम्पा में संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, वरिष्ठ संरक्षक जयदेव सिंघल दुर्ग, महेंद्र सेक्सरिया दुर्ग, प्रांतीय चैयरमेन डॉ अशोक अग्रवाल रायपुर, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर, प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग, श्री नारायणी सेवा समिति दादी परिवार चाम्पा के प्रमुख महेंद्र सावी मित्तल, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया दुर्ग, दिनेश मित्तल, गोपाल मित्तल, श्रीमती मौसम मित्तल, पीतांबर अग्रवाल, विशम्भर दयाल अग्रवाल, सुशील मोदी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, मुकेश बंसल, आशीष अग्रवाल, अधिवक्ता बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल, श्रीमती उषा कलानोरिया, श्रीमती सुशीला मोदी, सुभाष गोयल अंबिकापुर, बाबूलाल अग्रवाल अधिवक्ता रायगढ़, कन्हैया गोयल शक्ति, नरेश अग्रवाल बोरा रायगढ़, खेमचंद गोयल बलौदा, विनोद अग्रवाल, तारा बेरीवाल, वीरेंद्र अग्रवाल डोंगरगढ़, विमल अग्रवाल राजनांदगांव संतोष अग्रवाल राजनांदगांव, अशोक लोहिया, पंकज अग्रवाल दुर्ग, संजय अग्रवाल दुर्ग, हितेश अग्रवाल खमहरिया, राजेंद्र अग्रवाल रज्जू बिलासपुर, उमेश मुरारका, विनोद मोदी, राजेश अग्रवाल रायगढ़, राजू अग्रवाल सल्हेआना, महेंद्र अग्रवाल सारंगढ़, श्रीमती विनीता अग्रवाल रायगढ़, श्रीमती तारा बेरीवाल रायगढ़, श्रीमती उषा कलानौरिया बाराद्वार, डॉ.नितेश अग्रवाल चाम्पा, श्रीमती सपना सराफ बिलासपुर, श्रीमती भगवती अग्रवाल कोरबा, श्रीमती अनीता अशोक अग्रवाल रायपुर, श्रीमती नेहा अग्रवाल रायपुर, श्रीमती नेहा अविनाश गोयल चाम्पा, श्रीमती सारिका अजय खेतान, श्रीमती शोभा केडिया कोरबा, श्रीमती पूजा गोयल कोरबा, श्रीमती निर्मला कैलाश अग्रवाल, श्रीमती प्रियंका मोदी, श्रीमती विभा प्रेम प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती भावना केडिया, श्रीमती उर्मिला अग्रवाल, श्रीमती हेमलता मित्तल, छैल बिहारी अग्रवाल, राजेश मोदी, सतीश केडिया बालाजी, मुरारी लाल अग्रवाल, नृपेंद्र अग्रवाल, मोहनलाल मित्तल, मनोज मंगल बिल्हा, सुरेश मंगल बिल्हा, जगदीश अग्रवाल बिल्हा सहित काफी संख्या में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, महिला इकाई, युवा इकाई के सदस्य उपस्थित रहे।

अनमोल दावा

"किसी और का काम पूर्णता से करने से बेहतर है कि आप अपना काम करें, भले ही वह परफेक्ट न हो सके।

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सौ फीसद सुरक्षित, नाहक सवाल उठाना अनुचित

अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस पर संदेह की कोई गुंजाईश नहीं रह गई है। राजनीतिक दलों को मशीन पर शक करने के बजाय मतदाताओं पर अधिक भरोसा करने की जरूरत है।

एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम पर नाहक सवाल उठाना उचित नहीं है। इससे शक ही पैदा होता है। अदालत ने ईवीएम संबंधी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। दरअसल, ईवीएम को लेकर आशंका जाहिर की जा रही थी कि उसे बाहर से नियंत्रित किया और मतों में गड़बड़ी की जा सकती है। अदालत के सामने इस पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी।

इसके पक्ष में कई ऐसे प्रमाण भी दिए गए थे कि कहां-कहां कुल पड़े मतों और मशीनों में पड़े मतों की संख्या में अंतर पाया गया। विपक्षी दल इसे लेकर काफी आक्रामक थे और लगातार आशंका जाहिर कर रहे थे कि सत्तापक्ष मशीनों के जरिए मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसमें कई स्वयंसेवी संगठन और विशेषज्ञ भी शामिल थे, जिनका दावा था कि ईवीएम को बाहर से संचालित किया जा सकता है।

हालांकि भारत निर्वाचन आयोग लगातार तर्क दे रहा था कि ईवीएम सौ फीसद सुरक्षित हैं और उनमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि आम मतदाता के भीतर भी यह भ्रम पैदा हो गया कि ईवीएम में गड़बड़ी करके कोई पार्टी अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा सकती है।

ईवीएम पर संदेह जाहिर करते हुए अदालत में गुहार लगाने वालों की मांग थी कि मतदान के बाद जो पर्ची कट कर बक्से में गिरती है उसे मतदाता के हाथ में दिया जाए और वह उसे खुद अलग बक्से में डाले। फिर मशीन के साथ ही उन पर्चियों का मिलान कर अंतिम रूप से मतों की गणना की जाए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, इस तरह मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन होने का खतरा था।

मगर इसमें अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि वह मशीनों में चुनाव चिह्न निर्धारित हो जाने के बाद उन्हें सीलबंद कर दे। उसने एक और रास्ता खोल दिया है कि अगर कोई प्रत्याशी किन्हीं मशीनों के बारे में शिकायत दर्ज कराता है, तो विशेषज्ञों से उनकी जांच कराई जाए। उस जांच का सारा खर्च संबंधित प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा। इसे बहुत से लोग बड़ी राहत की बात मान रहे हैं। इस तरह गड़बड़ियों की जांच हो सकेगी। पर अब यह तो तय है कि ईवीएम को लेकर जिस तरह के भ्रम बने हुए थे, वे याचिकाकर्ताओं के मन से काफी हद तक दूर हो चुके होंगे।

हालांकि यह पहला मौका नहीं था, जब ईवीएम पर संदेह जताते हुए अदालत में गुहार लगाई गई थी। इसके पहले भी कई मौकों पर इसे चुनौती दी गई थी। पिछले आम चुनाव के वक्त भी इस मसले को काफी तूल दिया गया था। हालांकि निर्वाचन आयोग ने बार-बार मशीन की निर्दोषिता सिद्ध करने की कोशिश की थी, पर उस पर किसी को विश्वास नहीं हो रहा था।

अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इस पर संदेह की कोई गुंजाईश नहीं रह गई है। राजनीतिक दलों को मशीन पर शक करने के बजाय मतदाताओं पर अधिक भरोसा करने की जरूरत है। मशीन पर शक करने से नाहक मतदाताओं के भीतर भ्रम पैदा हुआ है। हालांकि निर्वाचन आयोग को भी इसे हार-जीत की तरह नहीं लेना चाहिए, उसे ईवीएम को विश्वसनीय बनाए रखने के जो भी उपाय हो सकते हैं, उन्हें अपनाने में उसे गुरेज नहीं होना चाहिए।

राजनीति और फिल्म का रिश्ता इतना टिकाऊ क्यों नहीं है ?

अभिषेक शर्मा

कई कार्यकर्ता आपको ये शिकायत करते हुए मिल जाएंगे कि अभिनेता अपने स्वभाव को राजनीति के हिसाब से बदलने के लिए तैयार ही नहीं हैं. दूसरा पक्ष अभिनेताओं का भी है. वो राजनीति की जो चमक-दमक ऊपर से देखते हैं उसकी असलियत चुनाव जीतने के बाद उन्हें पता लगती है..

बात पुरानी है.दक्षिण भारत में एक बच्चा ड्रामा कंपनी के साथ घूम रहा था.पिता तो बहुत पहले ही गुजर चुके थे.ड्रामा कंपनी सहारा था.तभी देश में आजादी की लहर उठी और देखते ही देखते ड्रामा कंपनी तक पहुंच गई.ड्रामा कंपनी में काम करने वाला लड़का अब तमिलनाडु के आंदोलन से प्रभावित था.उसे गांधी पसंद थे.ड्रामा कुछ वक्त में फिल्म में तब्दील हो गया और देखते ही देखते दक्षिण ने एक सुपर स्टार एम जी रामचंद्रन को जन्म दे दिया.एमजीआर की राजनीति की जड़ आज के वक्त के फिल्म कलाकारों जैसी नहीं थी. वो आंदोलन के करीबी थे और राजनीति में दखल देना जानते थे.एमजीआर भारत की राजनीति में पहले फिल्मी कलाकार थे. डीएमके आंदोलन ने एमजीआर को और एमजीआर ने डीएमके को जमकर इस्तेमाल किया.हम ये कह सकते हैं कि राजनीति में कलाकारों की लोकप्रियता को भुनाने का पहला सफल प्रयोग तमिलनाडु में हुआ.दुनिया के दूसरे देशों में भी उस दौर में फिल्मी पर्दा बड़ा हो रहा था.राजनेताओं की साख कम हो रही थी और फिल्मी लोग बड़े हो रहे थे.अपने संदेश जनता तक भेजने के लिए नेताओं को अभिनेता सबसे सरल रास्ता लगने लगे और बाद में ये दौर पूरी दुनिया में चल पड़ा.

हिन्दी फिल्मी इंडस्ट्री चकाचौंध भरी तो थी, लेकिन नेतागिरी के सफल प्रयोग से दूर थी.जो बड़े नाम वामपंथ और ड्रामा से जुड़े थे वो फिल्मों में लिख रहे थे.राजनीति को अपनी तरह से प्रभावित कर रहे थे, लेकिन चुनावी राजनीति से दूर थे.हिंदी फिल्मी दुनिया के सुपर स्टार अमिताभ बच्चन पहला सफल और बड़ा प्रयोग रहे.राजनीति में उनके इस्तेमाल की योजना उनके दोस्त राजीव गांधी ने ही बनाई थी. 1984 में अमिताभ बच्चन ने अपनी फिल्मी दुनिया से ब्रेक लेकर इलाहाबाद से चुनाव लड़ा और लोकसभा पहुंच गए.अमिताभ अपने कैरियर में तब तक कई सुपर हिट फिल्म दे चुके थे. राजनीति में ग्लैमर क्या होता है ये उस दौर के चुनाव में अमिताभ बच्चन की एंट्री ने बता दिया था. अमिताभ एमजीआर जैसे राजनीति के लंबे खिलाड़ी नहीं निकले. बोफोर्स कांड की खबरों के बीच उन्होंने राजनीति को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया. फिर कभी वो राजनीति के मैदान में नहीं आए. अमिताभ का राजनीति में आने और जाने ने कई दरारों को उभार दिया. बता दिया कि अगर आंदोलन और राजनीतिक विचारों के बिना चुनाव में आए हैं तो ये सिर्फ फौरी फैसले हैं.ये टिकाऊ राजनीति का आधार नहीं बन सकते.

अमिताभ बच्चन के बाद सुनील दत्त भी कांग्रेस की राजनीति में आए. सत्ताधारी पार्टी में थे तो टिकाऊ राजनीति की.सुनील दत्त को तो हम एमजीआर के बाद हिंदी फिल्म से निकला सफल नेता भी कह सकते हैं. सुपर स्टार राजेश खन्ना भी आए.कहते हैं कि राजनीति में वो लेट आए. जब उनका फिल्मी करियर ढलान पर था तब उन्हें लगा कि राजनीति संभाल लेगी, लेकिन वो भी टिक नहीं पाए. दक्षिण भारत में तो एमजीआर के बाद जयललिता सफल अभिनेत्री बन चुकी थीं. उन्होंने भी राजनीति की राह पकड़ी.सफल नेता रहीं.फिल्मों के बाद राजनीति को ही अपना मैदान बना लिया.

उत्तर भारत के कई दल फिल्म और क्रिकेट के सफल सितारों को भुनाने में लगे रहे. इक्का दुक्का नामों को छोड़ दे तो कोई टिकाऊ राजनीति नहीं कर पाए. बीजेपी में शत्रुघ्न सिन्हा और बाद के दशकों में स्मृति ईरानी दो ऐसे कलाकार हैं जो राजनीति के मैदान से नहीं हटे. इन दोनों हस्तियों को ये क्रेडिट जाता है कि विपक्ष में रहकर विरोध की राजनीति की.ग्लैमर और चमक दमक से निकलकर राजनीतिक संघर्ष करना थोड़ा कठिन काम था. कांग्रेस, बीजेपी और तमाम छोटे बड़े राजनीतिक दलों को ये समझ आ गया कि ग्लैमर सिर्फ एक तड़का है, जिसका चुनाव में इस्तेमाल भीड़ जुटाने और रैलियों को चमकदार बनाने के लिये किया जा सकता है. इसी सिलसिले में गोविंदा, राज बब्बर, विनोद खन्ना, जयाप्रदा, जया भादुड़ी, और हेमा मालिनी समेत कई फिल्मी लोग राजनीति में आए. कुछ ऐसे थे जिन्होंने चुनाव जीते और फिर कभी राजनीति में नहीं आए. कई ऐसे थे जो टिके रहे.कुछ सवाल भी उठाते रहे, लेकिन किसी ने संघर्ष को राजनीति को अपने मूल पेशे के तौर पर स्वीकार नहीं किया.

बड़ा सवाल है कि ऐसा क्यों है कि जब राजनीति और अभिनेता दोनों एक दूसरे को इस्तेमाल करना चाहते हैं तो रिश्ता इतना टिकाऊ क्यों नहीं है ? राजनेताओं से आप बात करेंगे तो समझ आ जाएगा कि कैसे एक के बाद कई मौके उन्होंने फिल्मी हस्तियों को दिए, लेकिन उन मौकों को कलाकारों ने हल्के में लिया. जिन इलाकों से अभिनेता जीत कर जाते हैं वहां की एक बेहद आम समस्या ये बन चुकी है कि वहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं की सुनने वाला कोई नहीं होता. कई कार्यकर्ता आपको ये शिकायत करते हुए मिल जाएंगे कि अभिनेता अपने स्वभाव को राजनीति के हिसाब से बदलने के लिए तैयार ही नहीं हैं. दूसरा पक्ष अभिनेताओं का भी है.वो राजनीति की जो चमक दमक ऊपर से देखते हैं उसकी असलियत चुनाव जीतने के बाद उन्हें पता लगती है. नेताओं से जिस किस्म की अपेक्षाएं जनता को हैं, उसके लिए अभिनेता या सेलिब्रिटी खुद को अनफिट मानने लगते हैं. चुनावी क्षेत्र में वक्त गुजारना, कलाकारी के पेशे को पीछे छोड़ना और जनता की समस्याओं के लिये सामंजस्य बिठाना अभिनेताओं के लिए टेढ़ी खीर हो जाता है.यही वजह है कि अभिनेताओं का राजनीति से बेहद जल्द मोह भंग हो जाता है.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 133 : श्री राम व सीता जी ने विवाह में पाणिग्रहण और अग्नि परिक्रमाएं कीं

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

पाणिग्रहण संस्कार शुरू हुआ। श्री राम ने देवी सीता के दाहिने हाथ को अपने दाहिने हाथ से पकड़ा और कहा : - ऊँ परस्परं सम्भावयिष्यामि।

हम एक- दूसरे को सम्मान देंगे और एक दूसरे को सुयोग्य बनायेंगे।

सीता जी ने इस वचन का अनुमोदन किया। श्री राम ने परंपरागत मंत्रों के रूप में आगे कहा– च्छे देवी! मैंने तुम्हारा हाथ पकड़ा है। इसका अर्थ है कि मैंने ऐश्वर्य लक्ष्मी को ग्रहण किया है। तुम मेरे साथ बुढ़ापे तक जीना। मैं तुम्हारा पोषण करूंगा। तुम मेरी पोषिता हो।तुम सौ वर्ष तक जीओ।...

श्री राम ने देवी सीता की ओर देखते हुए अपनी आंखों से कहा, च्चसीते !केवल मैं ही तुम्हारा पोषण नहीं करूंगा, तुम भी मेरा पोषण करोगी और हम एक दूसरे के जीवन को सुख और प्रसन्नता से भरेंगे।...

सीता जी ने कहा, 'ऊँ स्वस्ति।'

पाणिग्रहण के बाद सीता जी ने सिल पर अपना दाहिना पैर रखा। श्री राम उनके पीछे हुए। दोनों ने मंत्रोच्चार के बीच अग्नि परिक्रमाएं प्रारंभ कीं। पवित्र अग्नि को साक्षी मानकर श्री राम और सीता जी सदैव के लिए एक दूसरे के हो गए। यह दृश्य अद्भुत है।श्री राम और सीता जी के रूप में आज विवाह मंडप में साक्षात ईश्वर और उनका आधार तत्व एक साथ हैं। प्रजा में हर्ष और रोमांच अपने चरम पर है।बराती और घराती दोनों पक्षों के लोग प्रसन्न हैं।

समाज में जो रीति रिवाज बनाए गए हैं उनका अनुपालन आवश्यक है।जिस क्षण सीता जी ने श्री राम को स्वयंवर माला पहनाई थी, उसी क्षण ही दोनों का विवाह हो चुका था, फिर भी श्री राम उन समस्त परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं,जो एक सामाजिक दायित्व के रूप में विवाह जैसे संस्कार का महत्व स्पष्ट करता है।

सप्तपदी की रस्म प्रारंभ हुई।श्री राम यज्ञ कुंड के उत्तर में खड़े हैं उन्होंने अपना दाहिना हाथ सीता जी के कंधे पर रखा। अब दोनों का मुख उत्तर दिशा की ओर हो गया है।सात जगहों पर अक्षत पुंज हैं,जिन पर सुपारी रखकर श्री राम ने सीता जी के अंगूठे के द्वारा उनका स्पर्श कर उन ढेरियों को क्रमशः हटवाना प्रारंभ किया।

प्रथम पग के मंत्रोच्चार में श्री राम ने कहा, 'ऊँ एकमिषे विष्णुस्त्वा नयतु... - हे देवी! मैं विष्णु रूप वर अपने घर के अन्न भंडार की रक्षा के लिए तुम्हें पहला पग धारण करवाता हूं।'

सीता जी ने कहा, 'अवश्य स्वामी! आप निःसंकोच अपने घर का धन-धान्य, मिष्ठान आदि सब मुझे सौंप दें और मैं इनसे सास - श्वसुर और समस्त कुटुंब की सेवा करूंगी।'

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -041

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. चाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणेंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. चोट, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 040 का हल

मै	दा	न			स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्रा	
	सा	ह	स				र		
स्वा	ग	त			स	म	झी	ता	
व	र				र				म
लं		वि	ला	स				दा	म
बी	न		ज			सा	मा	न	ता
	ज			वा	हि	या	त		
त	र	की	ब			ना		खा	ली

सू- दोकू क्र.041

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 040 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
	1	8	9	3	6	7	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7

राशिफल

मेष
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

वृषभ
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपकी सेहत पहले से काफी बेहतर रहेगी। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम पूरा होने में समय लग सकता है, लेकिन शाम तक पूरा हो जायेगा।

मिथुन
आज आपका दिन पॉजिटिव रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप मेहनत से अपनी पहचान बनाएंगें। आपके कार्यों की सराहना होगी। कुछ नए विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे।

कर्क
आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज आपको ऐसी जगह से बुलावा आएगा, जहां आप कई दिनों से गए न हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है।

सिंह
आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन... काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे।

कन्या
आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आप व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को सभा संबोधित करने का मौका मिलेगा।

तुला
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

वृश्चिक
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें।

धनु
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

मकर
आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कहीं रुका हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी।

मीन
आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। किसी उलझन से आज आपको छुटकारा मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सामाजिक दायरा और सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।

सामयिक चर्चा

नेता चतुर होता है, चालाक होता है।

खबर पढ़कर, एकदम भौचक होकर
बानी बोले– ''गजाधर!
हम छोटी बुद्धि वाले आदमी,
जब कुछ समझ नहीं पाते हैं
तो समस्या के समाधान के लिए
आपके पास आते हैं।
अब ये देखो न!
राजनांदगांव लोकसभा सीट के लिए
हुए भारी मतदान के बाद
भाजपा का दावा -
दो लाख से रिकार्ड जीत होगी।
जबकि कांग्रेस का कहना है-
भाजपा चारों खाने चित्त होगी।
तो इन पार्टियों के दावे में
ऐसा आकाश-पाताल का अन्तर है?
इस पर, आप क्या कहते है गजाधर?'
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
मतदाताओं के मत तो अभी
ईव्हीएम के अन्दर बन्द हैं,
तो बाहर देखो यार!
नेताओं को अभी
कुछ भी दावा करने का है अधिकार!
पर चार जून को जब रिजल्ट आएगा
और जिनका दावा धराशायी हो जाएगा
पर मालूम बानी! वह अपने उस दावा के लिए
जरा भी न शर्माएगा, न पछताएगा,
बल्कि एक दक्ष शिक्षक के लहजे में
बड़ी दृढ़ता से हार का कारण समझाएगा।
क्योंकि भैया! वह चतुर है, चालाक है
और वक्तृत्व कला में निपुण नेता है।
इसीलिए वह जनता को बड़ी
कुशलता से अपनी ग्रीप में लेता है।''

-गिरीश बख्शी

कविता

नंदा गे तईहा के बिहाव

तईहा के बिहाव दीदी, हप्ता भर ले होय।
तीन बेर ले खावन, अऊ उलंड-उलंड के सोय।
अड़बड़ राहे नेग जोग, पहावत ले होय।
लाडू पापड़ नोहर राहे, लईका मन पदोय।
अब बिहाव में रंग न ढ़ंग, पईसा ल बोहाव,
नंदा गे तईहा के बिहाव।।
डारा-पाना न छाय राहन, सइघो बांस के मड़वा।
अब तो आगे फैशन के जमाना, मड़वा होगे बंडवा।
भुईया ले अघर करके, टीपा म गडियावत हे।
जुगजोड़ी मन जुड़ा में बईठे, अब महराजा य बईठावत हे।
सेखी के मारे सबो सिरागे, तन ल घुना खवाव,
नंदा गे तईहा के बिहाव।।
शुभ मुहरत ले बरतिया, अऊ सोहर मंगल गावन।
दमऊ-दफड़ा मोहरी के, सुघ्घर तान सुनावन।
गरवा बोईल तलरान होय, रतिहाले टिकावन।
नई राहे बस अऊ वेन, गाड़ी बईला ल सजावन।
तईहा के बात ल बईहा लेगे, कतिक ल बतात
नंदा गे तईहा के बिहाव।।

आनंदराम साहू (सार्वा)
कु.बो.भाठागांव

कांग्रेस का घोषणा पत्र- धोखा पत्र, तुष्टिकरण पत्र, अपराधियों को संरक्षण देने वाला :शिवरतन शर्मा

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर कांग्रेस ने यह फिर साफकर दिया है कि कांग्रेस आदिवासियों ओबीसी और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है। श्री शर्मा ने कहा कि सम्पत्ति का सर्वे कर सम्पत्ति को बाँट देने और फिर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत-टैक्स का राग आलापने के बाद अब सरकारी ठेकों तक में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर शेयर देने की बात से कांग्रेस का आदिवासी, ओबीसी और अजा विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री शर्मा ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातो में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है उसमे लिखा है - हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले। श्री शर्मा ने सवाल किया कि कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' में उचित हिस्सा मिले? क्या तकनीकी और वित्तीय बोली के साथ धार्मिक कोटा भी होगा? क्या मुस्लिमों के पक्ष में योग्य बोलीदाताओं, जो कि अन्य धर्मों से रहेंगे, की अनदेखी की जाएगी? क्या सार्वजनिक अनुबंध हासिल करने के लिए हिंदुओं को अल्पसंख्यकों के अधीन बनना होगा, भले ही वे स्वयं ऐसा करने में सक्षम हों? क्या कांग्रेस यह कहकर 'टेंडर घोटाला' की नींव नहीं रख रही है?

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस न केवल एससी/एसटी/ओबीसी की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है, सोना और उनके मंगलसूत्र सहित हिंदू महिलाओं की छोटी बचत को अपने कब्जे में लेना चाहती है. बल्कि इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करना चाहती है। कांग्रेस यह कैसा भारत बनाना चाहती है? श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी यह भी लिखा है कि अल्पसंख्यकों का आर्थिक विकास बहुत जरूरी है। बैंकों से उन्हें पर्याप्त लोन मिले, यह भी कांग्रेस सुनिश्चित करेगी। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े हर तबके के किए कार्य किए हैं, लेकिन कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल अल्पसंख्यकों की बात कर रहा है जिससे देशवासियों में भारी नाराजगी है। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता आज चाहे जितने खोखले दावे कर लें कि हमारा मकसद वह नहीं है, पर कांग्रेस का घोषणापत्र और उसके नेता लगातार जिस भाषा में चीख-चीखकर आदिवासियों, दलितों, पिछड़ा वर्ग के बजाय अल्पसंख्यकों के हितों चिंता जता रहे हैं, जिस प्रकार एससी/एसटी/ओबीसी का हक मारकर अल्पसंख्यकों देने की बातें कर रहे हैं, उसे देश और छत्तीसगढ़ की जनता बहुत अच्छी तरह से समझ रही है क्योंकि प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने साफ शब्दों में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों, उनमें भी मुसलमानों का है।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री शर्मा ने कहा कि अब राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में कही गईं बातें, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन, सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स का राग और अब 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' की बात कहकर कांग्रेस कौन-से मंसूबों को अमल में लाना चाहती है? अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो मनमोहन सिंह ने कहा था, पित्रोदा ने कहा है, और अब कांग्रेस

के नेता कह रहे हैं, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है और कांग्रेस को दो टूक बता देगी कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है, विकास और आर्थिक उन्नति के अवसर में वह भी बराबर भागीदार होंगे। किसी को भी धर्म-संप्रदाय विशेष के आधार पर लाभ के इकतरफा अवसर देने की बातें करके कांग्रेस की विकृत राजनीतिक सोच का परिचायक है और देश, छत्तीसगढ़ की जनता इसे कतई स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

श्री शर्मा ने बिंदुवार कांग्रेस के घोषणा पत्र की पोल खोली ।अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने तानाशाही और लोकतंत्र, भय पर स्वतंत्रता की बात कही है। क्या कांग्रेस में कभी लोकतंत्र रहा है? कांग्रेस का इतिहास रहा है आजादी के बाद से कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष या कांग्रेस का जब शासन रहा तो किस परिवार से रहा है? उन लोगो ने उनके संगठन और सरकार में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए क्या काम किया? 1975 का आंतरिक आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। धारा 356 का उपयोग करके कितनी राज्य सरकारों को बर्खास्त किया? कांग्रेस और कांग्रेस के समर्थन वाली सरकार चलाने वाले लोग आज मीडिया की स्वतंत्रता की बात कर रहे हैं। आज जो पार्टी समाप्ति की ओर है, आपातकाल के दौरान प्रिंट मीडिया के कनेक्शन काट दिए गए थे। सरकार के खिलाफ समाचार लिखने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जब छत्तीसगढ़ राज्य बना, तब पत्रकार राजनारायण मिश्र ने अजीत जोगी सरकार के खिलाफ लेख लिखा तो उनकी गिरफ्तारी हो गई। विधानसभा में यह मामला उठाने पर तत्कालीन गृह मंत्री नंदकुमार पटेल ने कहा कि हमने श्री मिश्र को सुरक्षा देने के लिए लॉक-अप में बंद किया है।

राहुल गांधी बयान दे रहे हैं कि आर्थिक सामाजिक जातिगत जनगणना करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व यह बताए कि जाति जनगणना पर रोक लगाने का काम पं. नेहरू के समय से कांग्रेस की सरकारों ने ही किया है। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में भी जातिगत जनगणना नहीं हुई। आज राहुल गांधी अगर जाति जनगणना की बात कर रहे हैं तो कांग्रेस के द्वारा जाति जनगणना पर जो रोक लगाई गई थी, क्या वह गलत थी?

सामाजिक पेंशन में केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 200 से 500 रुपए होती है और कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि अगर हमारी सरकार बनी हम केंद्र सरकार की हिस्सेदारी को सामाजिक पेंशन में 1000 रुपए न्यूनतम करेंगे। श्री शर्मा ने याद दिलाया कि 2018 में कांग्रेस ने अपना जन घोषणापत्र जारी किया और कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ के सभी सामाजिक पेंशन चाहे वृद्धावस्था हो चाहे इंदिरा सहारा हो चाहे सुखद सहारा हो, सबको 1000 रुपए करने की घोषणा की गई लेकिन आखिरी 6 महीने में उसको 500 रुपए किया गया था।

कांग्रेस ने कहा कि ढाई हजार की आबादी पर हम एक आशा कार्यकर्ता नियुक्त करेंगे। कांग्रेस का घोषणा पत्र बनाते समय यह लोग भूल गए कि छत्तीसगढ़ में आशा कार्यकर्ता जिनको मितानिन कहा जाता है यहां 1000 की आबादी से भी कम पर है। 1000 से कम आबादी पर आशा कार्यकर्ता नियुक्त है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रसोइया का मानदेय बढ़ाने की बात 2018 के जन घोषणा पत्र में कही गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कहा गया था कि हम कलेक्टर दर पर भुगतान करेंगे। 2023 के चुनाव से पहले 100 दिनों तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन चला। आज यह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मानदेय बढ़ाने के बाद मितानिनों को 10,000 रुपए देने की बात कही थी वह भी नहीं किया रसोइयों को मानदेय बढ़ाने के बाद किया था वह भी नहीं दिया गया।

अभी महालक्ष्मी योजना के अंतर्गत कांग्रेस के घोषणा पत्र में 1 लाख रुपए प्रति परिवार देने की बात की गई है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले प्रति परिवार की महिलाओं को 1 लाख रु. देने की घोषणा पर कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्येक महिला को 1 लाख रु. देने के लिए फॉर्म भरवा रहे हैं। अब देश में महिलाओं की आबादी लगभग 65 करोड़ के आसपास है और देश का सन 23-24 का बजट 48 लाख करोड रुपए का था। अगर यह प्रत्येक महिला को एक लाख रु. देंगे तो 65 लाख करोड़ रुपए लगेंगे, यह आंकड़ा देश के कुल बजट से भी ज्यादा है। उसमें यह राशि देना संभव नहीं है। कांग्रेस पार्टी नारी शक्ति का अपमान कर रही है। राहुल गांधी प्रियंका गांधी और भूपेश बघेल को इन सभी विषयों पर जवाब देना चाहिए।

इनके घोषणा पत्र में भी बड़ी विचित्र बात लिखी गई है। कांग्रेस ने अपराधियों की जमानत के संदर्भ में एक कानून बनाने का वादा किया है। हम इस आशय को पुनः स्पष्ट करते हैं कि अपराध में जमानत का नियम है। हमारे यहां पुलिस जुर्म दर्ज करती है, अपराध जमानती और गैर जमानती दोनों होते हैं। गैर जमानती अपराध में जमानत देना है कि नहीं देना है यह न्यायालय के विवेक अधिकार पर निर्भर करता है। जो चोरी करें, डकैती करें, हत्या करें, देश के विभाजन की बात करें, क्या ऐसे लोगों को भी जेल में डालने के बजाय स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार कांग्रेस पार्टी देगी? जो सार्वजनिक रूप से देश के विभाजन की बात करें ऐसे लोगों को भी जेल में डालने की बजाय उनको खुला छोड़ दिया जाए, क्या यह देश के हित में है?

श्री शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम कांग्रेस ने लागू करने की बात कही है। इनके राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाने से पहले छत्तीसगढ़ में डॉक्टर रमन सिंह सरकार में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना की शुरुआत कर दी थी और इस योजना के अंतर्गत पहले 2 किलो में चावल देते थे उसके बाद ?1 किलो में चावल देने लगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में 5 किलो चावल देने का बात है और छत्तीसगढ़ में 7 किलो चावल दिया जा रहा है। 2028 तक प्रति यूनिट 5 किलो चावल गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को देने की घोषणा भाजपा सरकार ने की है।

श्री शर्मा ने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने सभी क्षेत्रों में विकास के काम किए हैं। लोगों का जीवन स्तर उठे इसके लिए काम हुआ है। देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत हुई है। आतंकवादी घटनाएं बंद हुई है। ऐसे समय में तात्कालिक राजनीतिक लाभ लेने के लिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो वर्ग विशेष को विशेष अधिकार देने की बात कही है, यह स्थिति देश के लिए अच्छी नहीं होगी। प्रेस वार्ता में विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी व सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल भी उपस्थित थे।

अंबागढ़ चौकी में ग्राम पंचायत सरपंच व सचिव से की जा रही है ऑनलाइन ठगी

अंबागढ़ चौकी (दावा)। आपको बता दें कि 20 अप्रैल से लगातार जनपद पंचायत मोहला अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत में लगातार ठगी के फोन आ रहे हैं, जो स्वयं को जल जीवन मिशन का ठेकेदार एवं पीएचई विभाग से संबंधित बता रहा है लगभग सचिवो को फोन आ रहा है कि हमारे मजदूर आपके यहां जल जीवन मिशन का कार्य करने आ रहे हैं जिनके रहने खाने की व्यवस्था आप कर दीजिए आपका अकाउंट नंबर दीजिए आपको फोन पे के माध्यम से 50000-100000 हम भेज रहे हैं



भेजने के उपरांत तत्काल फोन पर स्कैनर आ जाता है और कहा जाता है कि इस फोन पे पर ट्रांसफर कर दीजिए वह मजदूर अपना सामान स्वयं ले लेंगे विभाग का नाम लेते ही सरपंच व सचिव राशि को ट्रांसफर कर देते हैं इस तरह से ठगी हो जाती है इसका शिकार ग्राम पंचायत मोहला एवं ग्राम पंचायत मचानदूर हो चुके हैं। दोनों ही ग्राम पंचायत के पदाधिकारी ने थाना एवं साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है देखने का विषय यह होगा क्या अब प्रशासन जागेगा और इस प्रकार के ठगी को रोक पाने में सफल हो पाएगा। इसकी जानकारी जब पीएचसी विभाग को मिली तो उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम से सरपंच एवं सचिवों के साथ सीओ मोहला को जानकारी दी कि पीएचई एवं जल जीवन मिशन के नाम से कोई भी कॉल आता है उन कॉल का हमारे विभाग से कोई संबंध नहीं है आप किसी भी प्रकार से कोई राशि का लेनदेन ना करें।

कोहका में मतदान कर्मियों का तिलक, गुलाल लगाकर किया स्वागत

बांधाबाजार (दावा)। डोंगरगांव 76 लोकसभा मतदान केंद्र क्रमांक 220 को कोहका (बेंदरकट्ठा) में मतदान कर्मियों का तिलक, गुलाल लगाकर वहां के मतदाताओं ने स्वागत किया।

मतदान अधिकारी कीरत गणवीर ने कहा मतदान केन्द्र कोहका (बेंदरकट्ठा) के लिए यादगार बनके रहा, बुथ में खाना, पानी पंखा कुलर की व्यवस्था बहुत अच्छी रही। रसोईया द्वारा भी अच्छा दाल, भात, सब्जी के साथ, पापड़ अचार सलाद खिलाया गया। यह गांव में चर्चा का विषय बन गया, सभी उनकी प्रशंसा करने लगे। जिसमें पीठासीन सुनील चन्द्राकर, अधिकारी क्रमांक 01 रघुनाथ कंवर, अधिकारी क्रमांक 02 कीरत कुमार गणवीर, अधिकारी क्रमांक 3 श्रीमती मीना पटेल, शाला के सफाईकर्मी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका रसोईया आदि लोग उपस्थित थे।

डीजे संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत पुलिस की कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। लोकसभा निर्वाचन- 2024 अन्तर्गत वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसके मद्देनजर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक- 27 अप्रैल को साहू समाज का कर्मा भवन पटेल बाड़ी वार्ड क्र0-15 में डोंगरगढ़ के पास शादी कार्यक्रम में तेज आवाज में डीजे साउण्ड सिस्टम बज रहा है कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पंहूच कर, डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस को मौके पर डीजे साउण्ड सिस्टम संचालक रितेश कुमार देवांगन पिता विष्णु राम देवांगन उम्र- 25 साल, बुधवारी पारा वार्ड नं.-15 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा डी0जे0 साउण्ड सिस्टम रखकर तेज आवाज में देर रात तक डीजे बजाते मिलने पर साउण्ड सिस्टम को जप्त तक डीजे संचालक के विरूद्ध धारा 3,4, 5/15 (1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

भेड़ीकला में 84.25 प्रतिशत मतदाताओं ने की वोटिंग

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा के अन्तर्गत शहर से लगे ग्राम पंचायत भेड़ीकला में निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। बुजुर्ग, महिला, प्रथम बार के युवा और दिव्यांग सहित सभी श्रेणी के मतदाताओं ने कतार में लगकर उत्साह पूर्वक मतदान किया। लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता निभाई। ग्राम पंचायत भेडीकला में दो मतदान केंद्र है बूथ क्रमांक 84 मे कुल मतदाताओं की संख्या 821 है, जिसमें मतदान हुआ 678, बूथ क्रमांक 85 में कुल मतदाताओं की संख्या 957 है और मतदान 820 मतदाताओं ने किया। पंचायत द्वारा गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराया था एवं दोपहर के समय शरबत रसना का भी व्यवस्था मतदाताओं के लिए की गई थी।

रेलवे स्टेशन में सात किलोग्राम गांजा के साथ पकड़ाया युवक

रायपुर(आरएनएस)। रायपुर पुलिस ने रायपुर रेलवे स्टेशन के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से सात किलोग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था किंतु मुखबीर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है।

नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना गंज को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नंबर 02 पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम और आरपीएफ द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के 01 व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना आयुष कुमार पांडे पिता विजय कुमार पांडे उम्र 19 वर्ष, निवासी महादेवन टोला ऑनिक्स मॉल के पास थाना बगुलागंज चौकी थाना कोतवाली जिला फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश बताया टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफर बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7 किलो 100 ग्राम गांजा कीमत लगभग 71 हजार रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पुनः चुनाव प्रचार करेगी

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव 2024 का दूसरा चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है, तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होगा। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू (दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में (दुर्ग लोकसभा)बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करेंगी। बीते विधानसभा चुनाव में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल हुई थी जिसमें बीजेपी के ललित चंद्राकर ने कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू को 16,642 वोटों के उल्लेखनीय अंतर से हराकर जीत हासिल की थी।

सरस अथवा सारदा रामकृष्ण संघ की स्थापना दिवस सम्मेलन संपन्न

भिलाई। सरस अथवा सारदा रामकृष्ण संघ की स्थापना दिवस की 10वीं वार्षिक उत्सव दिनांक 21/4 /24 को भिलाई स्थित कल्याण महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बिलासपुर रामकृष्ण आश्रम के सचिव श्रीमद् स्वामी सेवाव्रतानंद जी महाराज एवं स्वामी जनार्दनानंद जी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के मूर्ति में माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन तथा त्रिदेव को पुष्पांजलि प्रदान पूर्वक किया गया। प्रारंभिक अधिवेशन में वैदिक मंत्र उच्चारण ,भजन तथा श्री रामकृष्णदेव के अष्टोत्तर शत् नाम सम्मिलित रूप से उच्चारण किया गया एवं स्वामी जी द्वारा ध्यान कराया गया। तत्पश्चात सम्मिलित रूप में भगवत गीता का पाठ किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय अधिवेशन में उपस्थित श्रीमद् स्वामी सेवाव्रतानंद जी द्वारा *सांसारिक जीवन में चार योग का समन्वय* करते हुए आध्यात्मिक उन्नति कैसे करें इस विषय पर प्रवचन व चर्चा प्रस्तुत किया गया। संसार के कर्तव्य का पालन करते हुए भक्ति मार्ग पर किस प्रकार से चला जाए इस विषय पर श्रद्धेय महाराज ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सभी कार्य को ठाकुर का कार्य समझकर करना ही ज्ञानयोग कर्मयोग राजयोग भक्तियोग का समन्वय है । हमें हर कार्य को ठाकुर के चरणों में समर्पित करना चाहिए, ठाकुर भाव स्वरूप है। अतः कार्य भावपूर्ण होकर करें। स्वामी जनार्दनानंद महाराज द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात भक्तों के प्रश्नों का महाराजजी द्वारा उत्तर दिया गया एवं भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन गाया गया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में चंपा भट्टाचार्य, झरना कोवर, सुबीर रॉय, बेला घोष, दीपक बनर्जी, संदीप विश्वास, अजय मुखर्जी, मानिक चौधरी ,विनोद पहाड़े, देवाशीष सेन संजय परिहार, चित्रा दत्ता आदि भक्तजन उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया तथा 100 से अधिक भक्तों ने उपस्थित रहकर इस भक्त सम्मेलन का लाभ लिया।

यहां उल्लेखनीय है कि सरस अथवा सारदा रामकृष्ण संघ की स्थापना 21 अप्रैल 2015 में अक्षय तृतीया के शुभ दिन के अवसर पर हुई थी। रायपुर रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम के तत्कालीन सचिव ब्रह्मलीन परम पूज्य स्वामी सत्यरूपानंदजी महाराज के आशीर्वाद तथा प्रेरणा से सरस की यात्रा प्रारंभ हुई थी । बाद में कुछ भक्तों की चेष्टा एवं रायपुर नारायणपुर , बिलासपुर आश्रमों के महाराज तथा सारदा मठ के माताजियों के पथ प्रदर्शन एवं प्रोत्साहन द्वारा प्रेरित होकर सरस पिछले 9 वर्षों में आध्यात्मिक प्रेमियों के हृदय में एक गहन स्थान बन चुका है। करोना महामारी के दौरान 2021 से सरस का ऑनलाइन प्रोग्राम भी प्रारंभ किया गया जो वर्तमान में अत्यंत जनप्रियता हासिल कर चुका है इस प्रोग्राम में केवल भारत के विभिन्न प्रांतो से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भक्तजन अत्यंत उत्साह पूर्वक जुड़ते हैं। उदाहरण के लिए फ्रांस ,डरबन , हॉलैंड ,अफ्रीका आयरलैंड जर्मनी आदि देशों के नाम लिया जा सकता है।

खेमचंद देवांगन बने श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति के अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति शक्तिधाम दुर्गा चौक राजनांदगांव की स्थापना वर्ष 1950 के 75वॉ वर्ष (हीरक जयंती) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्वांर नवरात्रि पर्व वर्ष 2024 में मां दुर्गा मूर्ति पूजा के साथ-साथ विद्वान पंडितों एवं आचार्यों की उपस्थिति में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन दुर्गा चौक शक्तिधाम परिसर राजनांदगांव में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति की एक आवश्यक बैठक में खेमचंद देवांगन (गुरुजी) अध्यक्ष, रितेश देवांगन सचिव एवं अजय श्रीवास्तव (पूर्व पार्षद) एवं संजय श्रीवास्तव (दद्दन) को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया है। इसके अलावा संरक्षक, उपाध्यक्ष, सहसचिव, पूजापाठ प्रभारी, पंडाल प्रभारी, प्रचार-प्रसार प्रभारी, महायज्ञ पंडाल प्रभारी तथा कार्यकारिणी पदाधिकारियों का मनोनयन किए जाने के साथ-साथ महिला मंडल को शत चंडी महायज्ञ के पूजा पाठ में आवश्यक जवाबदारी देते हुए कार्यक्रम में भागीदारी देने हेतु मनोनित किया गया है। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता श्री गोपीराम ने दी है।

पहला कॉलम...

भांजे ने कुल्हाड़ी से काटकर मामा की हत्या की

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक भांजे ने अपने मामा की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया गया है और इस हत्याकांड की वजह भी सामने आई है। बालाघाट के रूपझर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सर्रा गांव में सगे भांजे ने अपने मामा की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर रिश्ते की बलि चढ़ा दी। पुलिस ने आरोपी भांजे को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से साढ़े 8 लाख रुपए भी बरामद कर लिए हैं।मृत मामा की पहचान खेलसिंह पंद्रे के रूप में हुई है। उनकी उम्र 60 साल थी। दरअसल मामा के पास साढ़े 8 लाख रुपए थे। जैसे ही इस बात की भनक भांजे रामसिंह उईके को हुई, वैसे ही उसने मामा की हत्या कर दी और शव को नहर के पास बने गड्ढे में फेंक दिया। इसके बाद भांजा रुपए लेकर फरार हो गया। मामा का शव बीते 24 अप्रैल को पुलिस ने बरामद कर लिया था। शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए थे। जांच में सामने आया कि मृत मामा 21 अप्रैल को अपने घर से गांव में ही बेटी के घर शादी में जाने के लिये निकला था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। फिर 3 दिन बाद खून से लथपथ उसका शव बरामद हुआ था। (इनपुट- बालाघाट से शौकत बिसाने)

आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीता रजत

नई दिल्ली। आईएएस ऑफिसर सुहास लालिनाकेरे यतिराज ने स्पेन के टोलेडो में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में रजत पदक जीता। पैरालंपिक रजत पदक विजेता सुहास पुरुष एकल एसएल4 फाइनल में फ्रांसीसी लुकास मजूर से 18-21, 6-21 से हार गए। सुहास ने एक्स पर पोस्ट किया, 23 से 27 अप्रैल तक टोलेडो, स्पेन में आयोजित स्पेनिश ओपन (लेवल 1) पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में रजत पदक जीता। इस बीच, नितेश कुमार ने फाइनल में ओलेसन चेखव को 21-11, 21-13 से हराकर एसएल 3 श्रेणी में पुरुष एकल का खिताब जीता।

चीन के ग्वांगझोउ बवंडर से पांच की मौत

बीजिंग। दक्षिणी चीन के ग्वांगझोउ में आए बवंडर में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि 33 अन्य घायल हो गए। सीएनएन ने चीन के सरकारी मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी। एक करोड़ 90 लाख की आबादी वाले शहर ग्वांगझोउ में स्तर-तीन (लेवल-3) की तीव्रता वाले बवंडर आ रहे हैं, जो उच्चम स्तर-पांच से दो कम हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि इस बवंडर से 141 कारखानों की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। लेकिन कोई आवासीय घर नहीं गिरा।

बैयुन जिले के लियांगतियान गांव के मौसम केंद्र में अधिकतम 20.6 मीटर प्रति सेकंड की गति वाला हवा का झोंका दर्ज किया। रात 10 बजे (स्थानीय समयानुसार) तक बचाव और राहत अभियान समाप्त हो गया था। बवंडर के बाद दक्षिणी चीन में कई दिनों तक भारी बारिश हुई। जिससे बाढ़ आ गई और लाखों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। बचावकर्मी पानी में फंसे हुए निवासियों को निकाल रहे हैं। ग्वांगडोंग प्रांत में बाढ़ के कारण 11,10,000 से ज्यादा लोगों को स्थानांतरित किया जा रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में ग्वांगडोंग में बाढ़ के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई।चीन की मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस महीने के अंत तक भारी बारिश और तेज तूफान रहेगा।

टाइटैनिक के सबसे अमीर यात्री की सोने की घड़ी हुई नीलाम

लंदन । टाइटैनिक से जुड़ी जब भी कोई जानकारी सामने आती है तो हर कोई उसे जानने को उत्सुक हो जाता है। अब इस जहाज के सबसे अमीर यात्री की मिली एक सोने की घड़ी से जुड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, घड़ी को नीलाम किया गया है, जिसकी कीमत जानकार आपको भरोसा नहीं होगा।

इंग्लैड में घड़ी को 11.7 लाख पाउंड यानी 14.6 लाख डॉलर में नीलाम की गई। नीलामीकर्ता हेनरी एल्ड्रिज एंड सन ने कहा कि 1912 के जहाज आपदा से जुड़ी किसी वस्तु के लिए यह एक रिकॉर्ड राशि थी।

अंदाजा लगाया जा रहा था कि घड़ी करीब एक लाख से 150,000 पाउंड के बीच बिक जाएगी। हालांकि, इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के एक शख्स ने बोली जीती है। घड़ी पर जेजेए लिखा हुआ है।

चेन्नई ने चेपॉक पर दर्ज की अपनी 50वीं जीत, रनों के लिहाज से हैदराबाद को मिली सबसे बड़ी हार

चेन्नई। सीएसके ने अपने होम ग्राउंड एमए चिदंबरम स्टेडियम पर दमदार प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों के बड़े अंतर से हराया। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 54 गेंदों पर 98 रन की पारी खेली और डेरिल मिचेल के साथ शतकीय साझेदारी की जिसके दम पर चेन्नई ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 212 रन बनाए। जवाब में तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटके और हैदराबाद की पारी 18.5 ओवर में 134 रन पर ही सिमट गई। हैदराबाद के लिए एडेन मार्करम 26 गेंदों पर 32 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे।

किसी एक मैदान पर 50 से अधिक मैच जीतने वाली तीसरी टीम बनी सीएसके

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर अपनी 50वीं जीत दर्ज की। चेन्नई आईपीएल में किसी एक स्थान पर 50 से अधिक मैच जीतने वाली तीसरी टीम बन गई है। उससे पहले मुंबई और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम भी अपने होम ग्राउंड पर 50 से अधिक जीत दर्ज कर चुकी है।

सीएसके ने तालिका में लगाई लंबी छलांग

हैदराबाद पर बड़ी जीत से चेन्नई ने अंक तालिका में तीन स्थान की बड़ी छलांग लगाई और वह पांच जीत के साथ 10 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि हैदराबाद की टीम लगातार दो हार के साथ चौथे स्थान पर है।

तुषार ने लड़खड़ाई हैदराबाद की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत काफी खराब रही और उसने महज 40 रन पर ही अपने तीन विकेट गंवा दिए। दिलचस्प बात यह रही कि सभी तीन विकेट तुषार देशपांडे ने अपने नाम किए। तुषार ने इस मैच में गेंदबाजी से शानदार प्रदर्शन किया और हैदराबाद के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। तुषार देशपांडे ने पावरप्ले में चेन्नई की तीन सफलता दिलाई। वह इस सीजन पहले छह ओवर में तीन विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। तुषार से पहले राजस्थान रॉयल्स के ट्रेंट बोल्ट और संदीप वारियर भी ऐसा कर चुके हैं।

41 गेंदों में शतक, पांच चौकों और 10 छक्कों से बनाए 80 रन, अहमदाबाद में आया विल जैक्स का तूफान

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच रविवार को आईपीएल 2024 का 45वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने विराट कोहली और विल जैक्स की विस्फोटक साझेदारी की बदौलत गुजरात को नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ आरसीबी के खाते में छह अंक हो गए। हालांकि, अंक तालिका में टीम अभी भी 10वें स्थान पर है। वहीं, गुजरात आठ अंकों के साथ सातवें पायदान पर बनी है। 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी के टॉप ऑर्डर ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली के बीच 40 रनों की साझेदारी हुई। गुजरात के लिए पहला और इकलौता विकेट साई किशोर ने लिया। कप्तान इस मैच में 24 रन बनाने में कामयाब हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विल जैक्स ने गुजरात के खिलाफ आक्रामक रुख अख्तियार किया और टीम को जीत दिलाई।

विराट कोहली ने लगाया अर्धशतक

आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 32 गेंदों में इस सीजन का चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात के खिलाफ किंग कोहली ने 159.09 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ आईपीएल 2024 में विराट कोहली के 500 रन पूरे हो गए।

उबेर कपः युवा भारतीय महिला टीम ने क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित की

नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम ने रविवार को चीन के चेंगदू में अपने ग्रुप ए मुकाबले में सिंगापुर पर 4-1 से आसान जीत के साथ बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। युवा टीम, जिसने अपने ग्रुप ओपनर में कनाडा को 4-1 से हराया था, पहले एकल में येओ जिया मिन द्वारा अश्मिता चालिहा को 21-15, 21-18 से हराने के बाद वापस आई। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा ने युगल मुकाबले में जिओ एन हेंग और यू जिया जिन के खिलाफ 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर बराबरी हासिल की, इसके बाद इशरानी बरुआ ने ईसिइरा खान को सिर्फ 31 मिनट में 21-13, 21-16 से हराकर एशियाई चैंपियंस को बढ़त दिलाई। इसके बाद पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर ने यी टिंग एल्सा लाई और मिशेल ज़ान पर 21-8, 21-11 की शानदार जीत के साथ भारत के लिए मुकाबला समाप्त किया। उबेर कपः युवा भारतीय महिला टीम ने क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित की

सूर्या रोशनी ने बिजली बचत वाले 5 स्टार सीलिंग फैन किया लांच

नई दिल्ली। सूर्या रोशनी के कंज्यूमर ड्यूरेबल डिवीजन ने 5 स्टार पेटल सीलिंग फैन लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा कि सूर्या ने देश के हर घर और दफ्तर में बेहतर कूलिंग एवं ऊर्जा बचत वाले पंखे की सौगात अपने ग्राहकों के लिए पेश की है। हम अपनी विरासत ङ्क गुणवत्ता, उत्कृष्टता और पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे है।

सूर्या के 5 स्टार पेटल फैन बिजली बचत, शानदार परफॉर्मेंस और डिज़ाइन हर मामले में एक नई ऊंचाई छू रहे हैं। ये आज के उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं और दिखते भी खूबसूरत हैं। पंखे में इंडक्शन मोटर टेक्नोलॉजी होने के साथ इसे 5 स्टार लेबल दिया गया है। इसलिए यह न सिर्फ 34 वॉट खर्च करने वाला पंखा है जो आपकी बिजली बचत करेगा बल्कि लंबे अरसे तक चलेगा और इसका मेंटेनेंस भी आसान होगा। एयरोडायनामिक डिज़ाइन के इस पंखे के चौड़े ब्लेड अधिक जोरदार हवा देते हैं जो हर कोने तक पहुंचतीं है। जिस वजह से आपके घर एवं आफिस जल्द ठंडा हो जाएंगे। एवं आपको यह अधिक आनंददायक अनुभव होगा।

इसके अलावा, सूर्या रोशनी ने सूर्या ब्रांड के किसी भी सीलिंग फैन की खरीद पर एक प्लेटिना एलईडी बल्ब निःशुल्क देने की सहर्ष घोषणा की है। यह स्कीम पूरे अगस्त '24 तक है। इसका ग्राहकों को न केवल आर्थिक लाभ होगा बल्कि बिजली बचत और सस्टेनेबिलिटी जैसे बड़े लक्ष्य भी पूरे होंगे। पंखे के साथ एक प्लेटिना एलईडी बल्ब की जोड़ी बना कर सूर्या रोशनी ने बिजली खपत कम करने वाले उत्पाद पेश करने का वादा भी पूरा किया है। इससे पर्यावरण और उपभोक्ता दोनों लाभान्वित होंगे।

इस लॉन्च पर लाइटिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के सीईओ श्री जितेंद्र अग्रवाल ने बताया, ''सूर्या में हम सभी हमारा लेटेस्ट फैन पेश करते हुए काफी खुश हैं। यह कूलिंग, आराम और सुविधा को नया मायना देगा। इनोवेटिव फैन की हमारी रेंज आधुनिक उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल बदल देती है। हमारा संकल्प सस्टेनेबल और सक्षम होना है। हमारे पंखों की कूलिंग में जान है। ये बिजली बचत करते हैं और हमारी भावी पीढ़ियों को स्वच्छ भविष्य देने का वादा करते हैं''। तो आईए सूर्या रोशनी के संग कूल रहें, आराम से रहें और देश के बेहतर, उज्जवल भविष्य निर्माण में हमारा साथ दें।

सूर्या रोशनी लिमिटेड के बारे में

सूर्या रोशनी ने 1973 में शुरुआत कर एक ऐसे संगठन का स्वरूप प्राप्त किया जोकि लाइटिंग और कन्ज़्यूमर ड्यूरेबल्स व्यवसाय में काफी सफल है और जिसका स्टील पाइप्स और स्ट्रिप्स व्यवसाय पर दबदबा कायम है। कम्पनी ने 1973 में शुरुआत स्टील ट्यूब बनाने से की और विविधता लाते हुए, 1984 में लाइटिंग, 2010 में प्टब् पाइप और 2014-15 में पंखे और घरेलू उपकरण जैसे कन्ज़्यूमर ड्युरेबल्स के क्षेत्र में कदम रखा।

स्टील पाइप और स्ट्रिप्स व्यवसाय में सूर्या के उत्पादों की एक बड़ी रेंज है और यह भारत में लढ्ढ पाइप का सबसे बड़ा निर्माता और श्वऋढ्ढ पाइप का सबसे बड़ा निर्यातक है। यह व्यवसाय 2018 में 3रुक्क्ष कोटिंग संयंत्र (मुख्य रूप से तेल एवं गैस और छ्वत्रष्ठ क्षेत्र के लिए) और अप्रैल 2022 में डायरेक्ट फॉर्मिंग टेक्नोलॉजी (ष्ठस्नञ्ज) लगने के बाद और मज़बूत हुआ है। सूर्या का भारत की सबसे बड़ी लाइटिंग कम्पनियों में नाम है।

डब्लयू डब्ल्यू इ स्टार एरिका हैमंड ने की शादी

नई दिल्ली । बिल्ट रिवाड्र्स के सीईओ अंकुर जैन ने 26 अप्रैल को ग्रेट स्फिंक्स के सामने पूर्व डब्लयू डब्ल्यू ई स्टार एरिका हैमंड से शादी कर ली है। शुक्रवार को दोनों ने मिस्र के ग्रेट पिरामिड के सामने एक दूसरे के साथ जन्म-जन्म तक रहने का वादा किया। बिल्ट रिवाड्र्स के सीईओ अंकुर जैन ने 26 अप्रैल को ग्रेट स्फिंक्स के सामने पूर्व डब्लयू डब्ल्यू ई स्टार एरिका हैमंड से शादी कर ली है। शुक्रवार को दोनों ने मिस्र के ग्रेट पिरामिड के सामने एक दूसरे के साथ जन्म-जन्म तक रहने का वादा किया।

कैशबैक टेक कंपनी बिल्ट रिवाड्र्स के संस्थापक और सीईओ अंकुर जैन और पूर्व डब्लयू डब्ल्यू ई स्टार एरिका हैमंड ने शादी कर ली है। दोनों अपनी शादी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दोनों ने एक नए अंदाज में अपने जीवन की नई पारी की शुरूआत की है। अंकुर जैन ने कहा कि हम न्यूयार्क वाले हैं, और परंपरागत तरीके से शादी के बंधन में नहीं बंधना चाहते थे। हम चाहते थे कि हमारी शादी का आयोजन बिल्कुल नई जगह पर हो। जहां मेरे दोस्तों और रिश्तेदारों को भी एक नया एहसास हो।

समलैंगिक रिश्तों पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पास

वॉशिंगटन। इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया है। इस कानून के तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा देने की भी बात कही गई है।हालांकि इराक में वेश्यावृत्ति विरोधी और समलैंगिकता कानून के पारित होने की अमेरिका ने निंदा की। अमेरिका का कहना है कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है।

इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून की प्रति में कहा गया है कि कानून का उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता के आह्वान से बचाना है, जिसने दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इराक के इस कदम की कई देशों ने निंदा की गई। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा, अमेरिका इराकी संसद द्वारा मौजूदा कानून में संशोधन पारित होने से बहुत चिंतित है।

ज्योतिष चमत्कार (29 अप्रैल 2024)

कल्याण				
सोम	9	0	1	2
	97	03	19	21
मंगल	0	1	2	3
	07	17	23	39
बुध	1	2	3	4
	15	25	37	41
गुरू	2	3	4	5
	29	35	43	59
शुक्र	3	4	5	6
	31	45	57	63
शनि	4	5	6	7
	47	53	65	75
अंकों का बादशाह	1			
सप्ताह का वरदान	2			
सप्ताह में अचूक	6	7	8	0
स्पेशल	63	74	85	09

राजधानी नाईट				
सोम	4	5	6	7
	42	58	62	70
मंगल	5	6	7	8
	56	64	78	82
बुध	6	7	8	9
	68	76	84	98
गुरू	7	8	9	0
	74	86	96	02
शुक्र	8	9	0	1
	80	92	04	18
अंकों का बादशाह	0			
सप्ताह का वरदान	9			
सप्ताह में अचूक	1	3	4	5
स्पेशल	12	36	47	58

सप्ताह में देखें

1	12	14	18	10
2	24	26	28	20
3	32	34	36	30
4	42	46	48	40
5	52	54	56	58
6	62	64	68	60
7	74	76	78	'70
8	82	84	86	80
9	92	96	98	90
0	02	04	06	08

सप्ताह में देखें

1	13	15	17	19
2	21	23	25	29
3	31	35	37	39
4	41	43	45	47
5	51	53	57	59
6	63	65	67	69
7	71	73	75	'79
8	81	85	87	89
9	91	93	95	97
0	01	03	07	09

अंक आपके पत्ते हमारे

1	2	3	4	5	6	7	8	9	0
128	138	148	149	140	123	160	134	234	127
245	129	238	130	230	150	250	233	379	136
489	237	490	239	357	259	278	279	225	280
290	570	670	680	456	349	458	260	270	479
344	228	355	789	339	790	449	125	126	677

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

कल्याण					
96	64	97	41	49	36
44	32	88	83	64	67
46	97	52	81	02	04
03	49	42	78	67	02

राजधानी				
48	14	91	77	09
43	41	54	02	63
16	40	32	80	13
28	18	29	48	05

2023 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -21-23-09

राजधानी नाईट 2023 -35-50-62-66-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रथम पेज का शेष

एलन मस्क की मिसाल देकर..

डेटा भी एकत्र कर लिया है। वैज्ञानिक जांच भी शुरू हो गई है। हम चंद्रयान श्रृंखला को तब तक जारी रखना चाहते हैं जब तक कोई भारतीय चंद्रमा पर नहीं उतर जाता। हालांकि, इससे पहले हमें कई तकनीक में पारंगत होना होगा- जैसे चांद पर जाना और चांद से वापस आना। हम अगले मिशन में इसकी कोशिश करेंगे।

'कांग्रेस के लिए नेहा..

के पुनर्निर्माण में महारानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बड़ौदा के महाराज ने बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिभा को पहचाना था। विरासत कर पर जमकर बोले पीएम मोदी- कांग्रेस के शहजादे राजा और महाराजाओं के योगदान को याद नहीं करते। 'विरासत कर' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) ने घोषणा की है कि अगर वे सत्ता में आए तो वे आपकी संपत्तियों, बैंक लाकरों, जमीनों और वाहनों के साथ-साथ महिलाओं के स्त्रीधन, आभूषणों, सोने व मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापेमारी करेंगे और आपकी परिसंपत्तियों को कब्जे में ले लेंगे। उसके बाद वे उसे अपने पसंदीदा वोटबैंक में पुनर्वितरित कर देंगे। कांग्रेस को दी चेतावनी- मोदी ने कहा, मैं कांग्रेस को चेताना चाहता हूं कि यह इरादा छोड़ दे। जब तक मोदी जीवित है, मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद से पूरे कर्नाटक में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है। पूरा देश राज्य की कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के प्रति चिंतित है। इस क्रम में उन्होंने चिक्कोडी में जैन संत और हुबली में एक छात्रा नेहा की हत्या की घटना का भी उल्लेख किया और कहा, कांग्रेस सरकार के लिए नेहा जैसी बेटियों के जीवन की कोई कीमत नहीं है, वह सिर्फ अपने वोट बैंक के बारे में सोचती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोटबैंक की खातिर प्रतिबंधित पीएफआइ (वायनाड में) का भी समर्थन ले रही है। अपराधों पर नियंत्रण करने के बजाय कांग्रेस देश एवं समाज विरोधी मानसिकता को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री ने बेलगावी में रोडशो भी किया।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश.....

उम्मीदवारों को अगले चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लिया गया पूरा वेतन वापस करना होगा। पीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले की जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया।

छह सौ दो करोड़ रुपये ....

करने पर एक व्यक्ति जख्मी हो गया। इसके बाद ऑपरेशन टीम ने संदिग्ध पाकिस्तानी नाव पर चढ़कर तलाशी ली, इस दौरान नाव पर सवार 14 लोगों को पकड़ लिया गया और जख्मी हुए नाव के केप्टन पाकिस्तान के बलुचिस्तान निवासी नजीर हुसैन को इमरजेंसी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने का प्रयास किया गया, जिसका उपचार फिलहाल जारी है। इस दौरान गुजरात एटीएस, पोरबंदर एसओजी, भारतीय तट रक्षक और एनसीबी (ऑप्स), दिल्ली की अन्य टीमें मौके पर पहुंच गईं और अभियान में शामिल हुईं। इस दौरान उपरोक्त पाकिस्तानी लोगों के कब्जे वाली नाव से 78 पैकेटों में कुल 86 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ। बरामद हुआ मादक पदार्थ पोरबंदर समुद्र तट पर लाया गया, जो प्रथम दृष्टया हेरोइन प्रतीत होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 602 करोड़ रुपये है। इस कार्रवाई के दौरान देवभूमि द्वारका एसओजी और जामनगर एसओजी की भी मदद ली गई है।

अब रेल यात्रा दौरान बच्चे की हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा वैकल्पिक बीमा का लाभ

नई दिल्ली। रेलवे ने यात्रा टिकट पर वैकल्पिक बीमा के नियमों में बदलाव कर दिया है। नए नियमों को मुताबिक अब बच्चे का हाफ टिकट लेने पर वैकल्पिक बीमा का लाभ नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के मुताबिक अब फुल टिकट बुक कराने पर ही यात्रियों को बीमा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। वहीं आईआरसीटीसी ने वैकल्पिक बीमा का प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। प्रति यात्री प्रीमियम अब 45 पैसा कर दिया गया है। पहले यह 35 पैसा था।

आईआरसीटीसी के मुताबिक वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ केवल ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को ही मिल सकेगा। रेल टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना नहीं लागू होगा। ऑनलाइन या ई-टिकट लेने पर ट्रेन के सभी क्लास- फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर, चेयरकार आदि के कंफर्म और आरएसी टिकट पर यह सुविधा मिलेगी। वहीं वेटिंग टिकट वाले यात्री इस बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे।

दरअसल, ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय यह विकल्प चुनना होता है कि वे बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहते हैं या नहीं। अगर यात्री बीमा सुविधा का लाभ लेना चाहता है तो उसे उस ऑप्शन पर क्लिक करना होता है। फिर बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल पर मैसेज आता है। अगर यात्रा के दौरान ट्रेन का रूट बदल दिया जाता है तब भी यात्री को इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

लैपटॉप-मोबाइल स्क्रीन दिल की सेहत के लिए क्यों हैं खतरनाक



मोबाइल और लैपटॉप आजकल हमारी रोजमर्रा जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये उपकरण हमें एक-दूसरे से बातचीत करने, काम करने, जानकारी पाने व पहुंचाने और हमारा मनोरंजन करने जैसे कई कामों में हमारी मदद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ये उपकरण अब हमारी स्वास्थ के दुश्मन बनते जा रहे हैं। खासकर स्क्रीन का ज़्यादा इस्तेमाल करने से युवालों के दिल पर बहुत ज़्यादा बुरा असर पड़ रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि हाल ही में हुए पीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग के सर्वे में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। इस सर्वे में हुई जांच में मरीजों के दिल की धमनियों में 06 से 08 सेमी के ब्लॉकेज मिल रहे हैं। जबकि पांच साल पहले तक यह ब्लॉकेज 01 से 02 सेंटीमीटर के होते थे। ऐसे में हमने आकाश हेल्थकेयर की डॉक्टर सुकृति भल्ला से इस बारे में बातचीत की। उन्होंने बताया कि आखिर स्क्रीन टाइम ज़्यादा देने से आपका शरीर बीमारियों का घर क्यों बनता जा रहा है?

दिल पर पड़ता है असर

डॉक्टर कहती हैं, `आंखों पर दबाव पड़ने की वजह से दिमाग पर इसका असर होता है। दिमाग पर असर होने से दिल की धड़कनों पर भी असर पड़ता है। मोबाइल या लैपटॉप पर ज़्यादा समय बिताने का मतलब है कि आप फिजिकल एक्टिविटी कम कर पा रहे हो और इससे वजन बढ़ने की समस्या होती है। वजन बढ़ने से दिल पर असर होता है।साथ ही जल्द काम निपटाने का प्रेशर, बहुत तनाव लेना। स्क्रीन के ज़्यादा इस्तेमाल से अप्रत्यक्ष रूप से सबसे ज़्यादा असर दिल की सेहत पर पड़ता है.'

हो सकती हैं ये परेशानियां भी :

ज़्यादा देर स्क्रीन देखने से आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। लैपटॉप और मोबाइल के लंबे समय तक इस्तेमाल से आंखों की थकान होती है और आंखों में सूजन आती है। हालांकि, इनका ज़्यादा इस्तेमाल सेहत से जुड़ी कई समस्याओं की वजह भी बन सकता है।

दूसरा नुकसान है पोस्चर सिंड्रोम। लैपटॉप और मोबाइल का ज़्यादा इस्तेमाल पीठ और गर्दन में दर्द और असुविधा की वजह बन सकता है।

ऐसे करें अपना बचाव

इन समस्याओं को कम करने के लिए, हमें अपने इस्तेमाल को सीमित करने और बीच बीच में ब्रेक लेने की जरूरत है। सही पोस्चर का पालन करें, नियमित 30 मिनट तक व्यायाम करें, और आंतरिक संतुलन को बनाए रखें। जितना हो सके उतनाकम स्ट्रेस लें इसके अलावा, आंखों को आराम देने के लिए नियमित रूप से आंखों का व्यायाम करें और स्क्रीन देखते समय बीच-बीच में ब्रेक लें।

खाली पेट कॉफी पीना फायदेमंद या नुकसानदायक?

कई लोगों की सुबह कॉफी के बिना अधूरी सी रहती है। यह उन्हें जरूरी एनर्जी देती है, जिससे वो तरोताजा महसूस करते हैं। यह आपको एनर्जेटिक बनाने और इसमें मौजूद कैफीन मूड, दिमाग के काम करने की ताकत में भी मदद करता है।

वहीं, कई लोग ऐसे भी हैं, जो बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते है। सुबह सबसे पहले एक कप कॉफी पीना कितना सेफ है या नहीं इस पर कई सालों से बहस चल रही है और कितने कप सेवन करना सही है ये भी एक अलग विषय है। एक्सपर्ट के अनुसार, कॉफी वजन घटाने में मददगार है और टाइप 2 डायबिटीज, अल्जाइमर और दिल की सेहत जैसी बीमारियों से बचाती है।

हालांकि, यह भी माना जाता है कि सुबह सबसे पहले एक कप कॉफी पीने से पेट से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।हालांकि, एक्सपर्ट का कहना है कि कॉफी हर लोगों को अलग-अलग तरह से असर करती है। सेंसिटिव लोगों के लिए, इसे खाली पेट पीने से अपच या अन्य छोटी-मोटी परेशानियां हो सकती हैं।

क्या कॉफी पाचन से जुड़ी समस्याओं का कारण बनती है?

कॉफी की कड़वाहट पेट में एसिड को बढ़ाने में मदद करती है, जो आपके पेट में जलन पैदा कर सकती है, चिड़चिड़ा बोवेल सिंड्रोम जैसे गट डिसऑर्डर के लक्षणों को खराब कर सकती है और अल्सर और अपच का कारण बन सकती है। इसके अलावा, खाली पेट खासकर हानिकारक है क्योंकि एसिड आपके पेट की परत को नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए कोई अन्य भोजन मौजूद नहीं है।

डॉक्टरों के अनुसार, कैफीन निचली एसोफैगस को ढीला कर देता है, जो एसोफैगस और पेट के बीच का रास्ता है, जिससे एसोफैगस और पेट के बीच की बाधा कमजोर हो जाती है। कॉफी का आपके शरीर पर अन्य प्रभाव भी पड़ता है। कई लोगों में, यह पतले मल का कारण भी बनता है, जो असुविधाजनक हो सकता है। एक्सपर्ट का मानना है कि गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रभावों से परे, कुछ लोगों को लग सकता है कि खाली पेट कॉफी पीने से घबराहट होती है।

क्या कॉफी तनाव बढ़ाती है?

खाली पेट कॉफी पीने से तनाव हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है। आपके अधिवृक्क ग्रंथियों द्वारा उत्पादित एक हार्मोन जो मेटाबॉलिज्म, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। स्टडीज के अनुसार, कॉफी कोर्टिसोल उत्पादन को उत्तेजित करती है और सुबह सबसे पहले इसे पीना, जब तनाव का लेवल पहले से ही ज्यादा होता है, लंबे समय में आपके सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

कैफीन की लत लग सकती है। अधिक मात्रा में पीने से चिंता, बेचैनी, दिल की धड़कन और पैनिक अटैक बढ़ सकते हैं। कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन और हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है।

कॉफी से जुड़ी पेट की समस्याओं को कैसे मैनेज करें

अगर आप एसिड रिफ्लक्स, पेट दर्द या अन्य लक्षणों महसूस करते हैं तो खाली पेट कॉफी पीने से ज्यादा फायदा नहीं होता है, लेकिन अगर आप सुबह एक कप से पहले नाश्ता नहीं कर सकते हैं, तो अन्य चीजों में बदलाव कर सकते हैं।

एसिडिटी को कम करने के लिए आप अपनी कॉफी में दूध या क्रीम मिला सकते हैं। अगर आप लैक्टोज हैं, तो प्लांट बेस्ड दूध का इस्तेमाल करना जरूरी है। हल्की भुनी हुई कॉफी की तुलना में गहरे रंग की भुनी हुई कॉफी पेट के एसिड को उत्तेजित करने पर प्रभाव डालती है, इसलिए अपनी कॉफी उसी के अनुसार बनाएं। अगर आप घबराहट, एसिड रिफ्लक्स, या अन्य समस्याओं का महसूस कर रहे हैं जो कैफीन के कारण हो सकती हैं तो कॉफी की मात्रा कम कर दें या डिकैफ़िनेटेड कॉफी चुनें।

बिना किसी दवा के डायबिटीज होगा कंट्रोल, बढ़ते शुगर पर लगेगी लगाम

भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या सबसे दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह लोगों की बिगड़ती लाइफस्टाइल और फिजिकल एक्टिविटी में कमी बन रही है। डायबिटीज में इंसुलिन कम बनता है जिस वजह लोगों के हार्ट, आंख और किडनी पर बुरा असर पड़ता है। एक रिसर्च के मुताबिक, भारत के 12-18 प्रतिशत युवाओं में डायबिटीज का खतरा तेजी से बढ़ा है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन ये आंकड़े शहरी इलाकों में ज्यादा देखे जा रहे हैं। वहीं, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जारी किये गए एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2030 तक डायबिटीज देश-दुनिया में 7वीं सबसे बड़ी और खतरनाक बीमारी बन कर सामने आ सकती है। डायबिटीज में खाने-पीने में कंट्रोल सबसे जरूरी है। इस बीमारी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सकता है। सिर्फ बेहतरीन डाइट फॉलो कर ब्लड शुगर को कंट्रोल किया जा सकता है। चलिए हम आपको बताए हैं आप इसे कंट्रोल करने के लिए कैसा डाइट फॉलो करें।

सुबह उठकर मेथी पाउडर खाएं : डाइबिटीज कंट्रोल करने के लिए सबसे पहले उठकर आप रोज 1 चम्मच मेथी पाउडर खाएं।

नाश्ते से पहले इन चीज़ों का पिएं जूस: नाश्ते से पहले आप खीरा, करेला, टमाटर जैसी सब्जियों का जूस पिऐं। नाश्ते में हेल्दी चीज़ों का करें सेवन : डाइबिटीज के मरीज अपने नाश्ते में हेल्दी चीज़ों का सेवन करें। जैसे- स्प्राउट, दलिया, दूध, ब्राउन ब्रेड का सेवन फायदेमंद हो सकता है

लंच से पहले खाएं फल: दोपहर का लंच करने से पहले डाइबिटीज के मरीज कुछ फूट का सेवन करें। आप ऐसे फूट का सेवन करें जिसमें शुगर की मात्रा काम हो। जैसे- अमरुद, सेब, संतरा, पपीता

लंच में खाएं ये चीज़ें : ब्लड शुगर के मरीजों को अपने लंच में दो रोटी, चावल, दाल, सब्जी, दही और सलाद का सेवन करना चाहिए। सब्जी में आप लौकी, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडे और फैटी फिश का सेवन करें।

खाने के एक घंटे बाद पिएं पानी- खाना खाने के एक घंटे बाद ही पानी पिऐं। इस बात का ख्याल रखें की आप ठंडा पानी नहीं बल्कि सिर्फ गुनगुना पानी पीएं।

शाम का नाश्ता ग्रीन टी, बेक्ड स्नैक्स- ब्लड शुगर को बढ़ने से रोकने के लिए आप शाम के नाश्ते में ग्रीन टी ज़रूर शमिल करें।

शाम 6 बजे डिनर : शाम को 6 से 7 के बीच में डिनर करना आपकी सेहत के लिए फायदेमंद है इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होता है। शाम के डिनर में आप दो रोटी,एक कटोरी सब्जी 1,ग्लास हल्दी दूध लें।

गर्मियों में रोजाना कितने लीटर पानी आपको रखेगा फिट?

इन दिनों जिस तरह से गर्मी पड़ रही है, उसे देखकर हेल्थ एक्सपर्ट लोगों को ज्यादा पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। जब बात ज्यादा पानी की आती है तो काफी एक्सपर्ट कहते हैं कि एक सामान्य शख्स को रोजाना 2 से ढाई लीटर पानी पीना चाहिए। गर्मियों में शरीर से पसीने के रूप में काफी पसीना निकलता है। ऐसे में पानी पीने की मात्रा बढ़ा देनी चाहिए। पानी पीने की मात्रा को लेकर हार्वर्ड मेडिकल स्कूल (हार्वर्ड यूनिवर्सिटी) के डॉक्टरों ने अपनी राय दी है।

रोजाना इतना पानी जरूरी

हार्वर्ड हेल्थ (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) ने बताया है कि एक सामान्य पुरुष को रोजाना 4 लीटर पानी पीना चाहिए। वहीं सामान्य महिला को दिन में 3 लीटर पानी पीना चाहिए। हालांकि इसमें कुछ शर्तें भी हैं। रोजाना 3 या 4 लीटर पानी पीने का मतलब यह नहीं है कि आप इतना सिर्फ पानी ही पिएं। अगर आप मौसमी फल, सब्जियां, जूस, चाय-कॉफी आदि ऐसी चीजें पीते हैं जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा होती है, वह पानी भी कुल इनटेक पानी में माना जाएगा। यानी ये चीजें ज्यादा लेने पर आप अपनी सादा पानी की मात्रा कुछ कम भी कर सकते हैं। लेकिन कुछ भी हो, रोजाना पानी पीने की मात्रा 2 लीटर से कम नहीं होनी चाहिए।

शरीर रहता है फिट

हार्वर्ड हेल्थ के एक्सपर्ट बताते हैं कि पानी पीने से सिर्फ प्यास ही नहीं बुझती, बल्कि शरीर भी फिट रहता है। साथ ही सही मात्रा में पानी पीने से शरीर डिहाइड्रेट रहता है। यानी शरीर में पानी की कमी नहीं रहती। जब शरीर में पानी की कमी नहीं रहती तो शरीर एनर्जी से भरपूर रहता है।

बच्चों पर रखें विशेष ध्यान

पानी पीने को लेकर बच्चों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है। एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर बच्चे की उम्र 6 महीने से कम है तो उसे पानी नहीं पिलाना चाहिए। सिर्फ मां का दूध ही उसका पौष्टिक आहार होता है। मां के दूध में 80त्न पानी और 20त्न पोषक तत्व होते हैं जो बच्चे की ग्रोथ के लिए जरूरी होते हैं। 6 महीने के बाद बच्चे को दिन में 2 से 3 बार 1-1 चम्मच सादा और शुद्ध पानी पिलाना शुरू करें। बच्चे को कितना पानी पिलाना चाहिए, बेहतर होगा कि इसके लिए किसी डॉक्टर की सलाह लें।

लू और गर्मी की मार से बचाएंगी ये चीज़ें

देश में भयंकर गर्मी पड़ रही है। ऐसे में इस मौसम में गर्मी की मार से बचने के लिए और आपकी बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए ऐसे फल और सब्जियों का सेवन करें जिससे आपकी बॉडी को तुरंत ठंडक मिलें। ऐसे में अपनी सेहत का बेहतरीन ख्याल रखने के लिए चलिए हम आपको बताते हैं इस गर्मियों में कौन सी चीजों का सेवन करें जिससे आपकी शरीर को ठंडक मिलती है।

गर्मियों में कौन सी चीजों का सेवन करें ?

खीरा और ककड़ी : खीरा और ककड़ी का सेवन इस मौसम में खूब किया जाता है। इसमें पानी की मात्रा ज्यादा होती है इसलिए यह आपकी बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाव करता है। खीरा और ककड़ी का सेवन आपके बॉडी के साथ आपके पेट को भी ठंडा रखता है।

दही : गर्मियों में दही का सेवन आपके पेट के लिए बेहद फायदेमंद होता हैं। इसमें मौजूद कूलिंग एजेंट आपको गर्मियों की लू से बचाता है और आपका पाचन भी दुरुस्त रखता है। दही का सेवन आप कई रूप में कर सकते हैं।दही को आप खीरे के साथ रायता बनाकर या फिर छाछ बनाकर भी पी सकते हैं।

तरबूज : तरबूज में 96 प्रतिशत पानी पाया जाता है। इस फल का गर्मियों के मौसम में लोग जमकर सेवन करते हैं।यह फल आपकी बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाता है।आप इसका सेवन जूस के रूप में भी कर सकते हैं।

टमाटर : टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाई जाती है। एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर यह फल गर्मियों में आपकी बॉडी को तुरंत हाइड्रेट करता है। आप इसका सेवन कई तरीकों से कर सकते हैं।

पुदीना : पुदीना की पत्तियां एंटी ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है। गर्मियों के मौसम में इसका सेवन आपके पेट को तुरंत ठडंक पहुंचाती है।आप इसका सेवन डिटॉक्स वॉटर के रूप में कर सकते हैं.

प्याज : प्याज में शरीर को शीतलता पहुंचाने के बहुत से गुण होते हैं। किचन में पाए जाने वाले आम से प्याज के कई गुण हैं। यह आपको सनबर्न से बचाता है। लाल प्याज में क्वेरसेटिन की मात्रा अधिक होती है, जिसे प्राकृतिक एंटी-एलर्जेन माना जाता है।

जामसरार में बम ब्लॉस्ट:एक की मौत

बोर पंप मशीन से जोड़ा गया था बम के तार

डोंगरगांव (दावा)। शहर से सटे ग्राम जामसरार के एक फार्म हाऊस में बम विस्फोट से एक युवक की मौत हो गई है, 28 अप्रैल रविवार प्रातः हुए इस घटना की जानकारी लगते ही आसपास के ग्राम सहित डोंगरगांव शहर में भी नागरिकों में भय का माहौल बन गया है, बोर मशीन के बटन में वायरिंग कर बारूद या बम सिस्टम को लगाया गया था जो कि इस क्षेत्र के लिए पहली घटना है, बोर मशीन का बटन दबाते ही विस्फोट हुआ और एक व्यक्ति के चिथड़े उड़ गए।

मौके पर मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जामसरार में मनेरी मार्ग पर संतोष वैष्णव का कृषि फार्म है जहाँ वर्तमान में केला व खीरा का उत्पादन हो रहा है, इस फार्म हाऊस में बोर पंप लगा हुआ है, जिसके माध्यम से फसलों में पानी दिया जाता है। बताया जाता है कि संतोष वैष्णव के छोटे भाई सुनील वैष्णव प्रतिदिन तडक़े इस फार्म हाऊस में आते थे और आवश्यकतानुसार बोर पंप चालू कर फसलों में पानी पहुंचते थे। रविवार को पानी की आवश्यकता नहीं होने से उन्होंने बोर पंप का बटन चालू ही नहीं किया और सामान्य रूप से टहल कर वापस निकल गए। इधर इस फार्म हाऊस में कार्यरत नरेश कुमार ओटी पिता धिरपाल सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी मनेरी अपने दिनचर्या के अनुसार सुबह फार्म हाऊस पहुंचा था और ग्राम जामसरार एक व्यक्ति यहाँ दातून, मंजन करने व नहाने लिए बोर चालू करने गया और जैसे ही बोर मशीन का बटन दबाया एक धमाके के साथ बड़ा विस्फोट हुए, जिसमें नरेश कुमार के चिथड़े उड़ गए। बारूद का विस्फोट इतना भयंकर था कि मृतक के कई अंग 20-30 फीट तक बिखरे पड़े थे, घटना के बाद वहां उपस्थित जामसरार गांव का एक व्यक्ति तुरंत फार्म मालिक को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई, अपने तरह की पहली घटना होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद आनन-फानन में पुलिस की टीम पहुंची और घटना की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों और फारेंसिक जांच टीम को बुलवाया गया। प्रारंभिक जांच पड़ताल में बारूद का विस्फोट बताया जा रहा है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच में लग गई है।

इस संबंध में फार्म हाऊस के मालिक संतोष वैष्णव ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व हमारे हार्वेस्टर में भी आग लगाया था और अब इस विस्फोट की घटना से हमारे परिवार पर घात लगाकर हमला का अंदेशा है, तेज आवाज में ब्लॉस्ट से हमारे कर्मचारी की मौत हो गई है।

डोंगरगांव के ग्राम जामसरारकला मे संतोष वैष्णव के फार्म हाउस में आज घटना की खबर मिली है जिसमें सुबह 6.30-7 बजे के आसपास यहीं काम करने वाले युवक नरेश ओटी ने खेतों में पानी डालने के लिए मोटर का स्विच ऑन किया, ऑन करते ही धमाका हुआ, जिससे वहाँ काम करने वाला युवक हादसे का शिकार हो गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

> पुलिस एवं साइबर की टीम सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है की क्या हुआ कैसे ये घटना हुई जांच के बाद इसके बारे मे अधिक जानकारी दी जाएगी।
>
> **- राहुलदेव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

मारपीट मामले में 5 कांग्रेसी जेल भेजे गये, मतदान केंद्र में मारपीट मामले में हुआ एक्शन

राजनांदगांव (दावा)। चुनाव के दिन टेडेसरा मतदान केंद्र में हुए मारपीट मामले में पांच कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल 26 अप्रैल को मतदान केंद्र में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के सामने मारपीट की घटना हुई थी। टेडेसरा मतदान केंद्र में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई मारपीट मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगा था।

इस घटना को लेकर कांग्रेस के पांच कार्यकर्ताओं को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से पांचों को एसडीएम ने जेल भेज दिया। धारा 151 के तहत ये कार्रवाई की गयी है। जिनके खिलाफ ये कार्रवाई की गयी है, उनमें जितेन्द्र साहू, राजेन्द्र देशमुख, चन्द्रकांत साहू, सतीश साहू, नरेन्द्र साहू, राजनांदगांव जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भागवत साहू का बेटा जितेन्द्र साहू भी शामिल है।

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के टेडेसरा मतदान केंद्र में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में आपस में जमकर मारपीट हो गई थी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसियों पर हाथापाई करने का आरोप लगाया है। भाजपाईयों ने आरोप लगाया था कि, सरपंच और उपसरपंच के लोगों ने भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं के साथ मारपीट की है। वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा था कि, कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ भिलाई से आये लोगों ने महिलाओं से मारपीट और झूमाझटकी की है। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं को प्रताणित कर रही है। गांव में भाईचारे का माहौल है, चुनाव के समय लोग अपनी-अपनी पार्टी का प्रचार करते है। इससे गांव का वातावरण बिगड़ेगा।

कोहका-बेंदरकट्टा पुल से कूदा युवक, गंभीर हालत में राजनांदगांव रिफर

डोंगरगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम कोहका-बेंदरकट्टा में शिवनाथ नदी पुल के ऊपर से एक युवक नशे की हालत में कूद गया, इसके चलते उसे गंभीर चोंट आई है और राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी-08/एपी 7773 में तीन युवक जयंत जुरेशिया पिता नरविंद 23 वर्ष के साथ दो अन्य युवकों टिकेश कश्यप और तरुण कुंजाम तीनों निवासी माहुद मचांदुर अंबागढ़ चौकी शिवनाथ पुल से गुजर रहे थे और गाड़ी से गिरने के बाद इनमें से एक युवक जयंत अचानक उठा और पुल से नीचे छलांग लगा दिया।

शिवनाथ नदी में पानी नहीं होने की वजह से नीचे गिरने में इस युवक को गंभीर चोट आयी है जिसके बाद उसे वहाँ मौजूद ग्रामीणों की मदद से डोंगरगांव समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया और प्राथमिक उपचार पश्चात युवक को राजनांदगांव मेडिकल कालेज में रिफर किया गया है.

शादी समारोह में ड्राई आइस खाने से 3 साल के मासूम की मौत

राजनांदगांव (दावा)। एक शादी समारोह में ड्राई आईस सजावट में काम आने वाला जहरीला एवं ज्वलनशील पदार्थ खाने के कारण तीन साल के मासूम की मौत हो गई। मासूम अपनी मां के साथ इस शादी समारोह में गया था और शादी से घर वापसी होने पर बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी।

ड्राई आइस सूखी बर्फ जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी तबियत

घर वाले उसे डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे फिर उसे एमसीएच अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद बच्चे के परिजन और जिनके घर शादी समारोह था उनके बीच विवाद की स्थिति भी बनी।

घटना लालबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत फरहद ग्राम टोलागांव की है। अपनी मां के साथ शादी समारोह में पहुंचा मासूम खुशांश साहू पिता खेमन लाल साहू उम्र 3 साल निवासी फरहद टोलागांव जो कि वहां खेलते हुए अपनी मां से बिछड़ गया और खेलते समय ड्राई आईस खाने के कारण उसकी तबियत बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। लालबाग पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। इस शादी समारोह के दौरान दूल्हा-दुल्हन की एंट्री के दौरान द्वार पर करीब 6 से 8 मटकियां रखी गई थी जिसमें पहले से गर्म पानी भरा था। इसमें ड्राई आईस डालने पर धूआं निकलने लगता है और दूल्हा-दुल्हन की एंट्री का फोटो और वीडियो शूट किया जाता है। यह ड्राई आइस सूखी बर्फ एक जहरीला पदार्थ है जो कार्बन डाई ऑक्साइड का ठोस रूप होता यह बच्चे के हाथ लगा और उसने सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

मौत होने के कारण परिवार में आक्रोश रहा, जिसके चलते मृतक शुशांक साहू की लाश को शादी समारोह के घर के समीप ले जाकर रखा गया, उसके बाद अंतिम संस्कार किया गया मृतक के परिवार के द्वारा जांच की मांग रखी गई है।

सात सीटों को जीतने कांग्रेस ने झोंकी ताकत, तीसरे चरण के लिए राहुल, प्रियंका और खरगे करेंगे प्रचार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद तीसरे चरण के लिए पार्टियों ने प्रचार तेज कर दिया है। इसी के मद्देनजर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शनिवार को राजधानी पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए पायलट ने कहा कि तीसरे चरण को लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेता लगातार प्रचार कर रहे हैं। 29 को राहुल गांधी, 30 को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और दो मई को प्रियंका गांधी आएंगी।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, बीजेपी के लोग जिस भाषा का लगातार प्रयोग कर रहे हैं, यह उनकी बौखलाहट का असर है। इससे साफ हो गया है कि उन्होंने जो लक्ष्य रखा था, वह उससे पिछ? रहे हैं। दस वर्षों से सरकार चला रहे हैं। फिर से पांच साल की मांग कर रहे है। अग्नीवीर में नौजवानों को केवल चार साल दिया जा रहा है। देश के नौजवानों को चार साल और खुद के लिए 15 साल। यह सबसे बड़ा विरोधाभास है।

विवादित बयानों पर चुनाव आयोग संज्ञान ले

पायलट ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विवादित बयानों पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। इस तरीके से धर्म, जाति , बिरादरी की बात करने से स्वस्थ लोकतंत्र की अच्छी परंपरा स्थापित नहीं हो रही है। विवादित बयान से पता चल रहा है कि भाजपा में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। बिरनपुर हत्याकांड में सीबीआई जांच पर पायलट ने कहा किसी भी एजेंसी को निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर जांच करनी चाहिए। प्रतिशोध और बदले की भावना से जांच नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों और एजेंसियों को दबाव में काम नहीं करना चाहिए। सभी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। विपक्ष की आवाज को दबाना लोकतंत्र में अच्छी बात नहीं है। पायलट ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पहुंचकर पार्षदों के साथ बैठक की। इस बैठक में रायपुर के सभी पार्षद शामिल थे। पार्षदों के साथ हुई बैठक में लोकसभा सीट को लेकर चर्चा की गई है।

देर रात स्टेट बैंक में घुसे चोर, दो रायफल व कारतूस लेकर फरार

खजाना लूटने में असफल रहे चोर

डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक में गत रात्रि अज्ञात चोरों ने स्टेट बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर भीतर प्रवेश किया। लॉकर खोलने में असफल रहे चोरों ने बैंक में रखे दो रायफल एवं कारतूस को लेकर फरार हो गए। इस घटना की रिपोर्ट बैंक प्रबंधक ने थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक में 24 एवं 25 अप्रैल की रात को चोरों ने बैंक के मुख्य द्वार को तोड़कर अंदर घुसने में सफलता तो हासिल कर ली। किन्तु वे बैंक लॉकर को खोलने में असफल रहे। चोरों ने बैंक में रखी दो 12 बोर की रायफल और कुछ कारतूस कीमत लगभग पौने दो लाख रुपए को अपने साथ ले गए। सुबह इसकी जानकारी होने के बाद बैंक मैनेजर सत्येन्द्र सिंह ने इस मामले की रिपोर्ट थाना में की है।

लॉकर तोड़ने में असफल रहे चोर

बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर चोरों ने कुछ लोहे के राडनुमा औजार भी छोड़ा है। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने बताया कि लॉकर तोड़ने का प्रयास चोरों द्वारा किया गया है। बैंक से चोरी किए गए रायफल के रिनैवल संबंधित थाना में किसी प्रकार के कागज पत्र नहीं है, न ही बैंक के पास कोई दस्तावेज मिले है, किंतु बैंक मैनेजर की शिकायत के आधार पर आपराधिक मामला दर्ज करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज में मिले सबूत के आधार पर अज्ञात चोरों की पतासाजी तेज कर दी गई है।

भरतभाई मोतीलाल भाई कारिया का निधन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय महेश नगर निवासी भरतभाई मोतीलाल भाई कारिया उम्र 76 वर्ष का आज 28 अप्रैल रविवार को आकस्मिक निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार शाम 5:45 बजे पूर्ण विधि विधान के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या उपस्थित थे।

तीसरे चरण के मतदान पूर्व मधुसूदन करेंगे कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क

राजनांदगॉव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव को केन्द्रीय भाजपा नेतृत्व के द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में तीसरे चरण के मतदान पूर्व कोरबा एवं बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार प्रसार का अहम दायित्व सौंपा गया है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव 29 अप्रेल को राजनांदगॉव से कोरबा के लिये प्रस्थान करेंगे जहॉ चार दिनों तक भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार करेंगे। इसके पश्चात् अगले तीन दिनों तक भाजपा नेता मधुसूदन यादव बिलासपुर लोक सभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे जहॉ वो भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे। अब तक राजनांदगॉव लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के चुनाव प्रचार प्रसार की कमान संभाल रहे पूर्व सांसद मुधसूदन यादव को इस लोकसभा निर्वाचन में दूसरे चरण का मतदान दिनांक 26 अप्रेल को सम्पन्न होते ही पार्टी आलाकमान ने कोरबा एवं बिलासपुर लोकसभा में भाजपा के पक्ष में पार्टी लेवल पर बैठक एवं सभा आयोजित कर संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार प्रसार की समीक्षा करने एवं पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं मतदाताओं के साथ मिलकर सघन जनसंपर्क करने एवं भाजपा के पक्ष में वोट बढ़ाने के लिये भाजपा आलाकमान द्वारा निर्देशित किया गया है।

कांग्रेस नेता अलका लांबा का भाजपा पर हमला, बोलीं- दक्षिण भारत की सभी सीटें हारेगी बीजेपी

बिलासपुर। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर पहुंची, जहां उन्होंने बिलासपुर के कांग्रेस भवन में महिला कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को तीसरे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर जीत का मंत्र दिया।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महिला राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा कि देश को आज कांग्रेस से बहुत अधिक उम्मीदें हैं, भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश की जनता के साथ सिर्फ अन्याय किया गया है। देश में महंगाई बेरोजगारी किसान और महिलाओं को लेकर बात नहीं हो रही है। लांबा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। दो चरणों में हुए मतदान को लेकर अलका लांबा ने कहा कि, दक्षिण भारत की सभी सीटों पर कांग्रेस स्वीप कर रही है, वहीं भारतीय जनता पार्टी को दक्षिण भारत से पूरी तरह हार का सामना करना पड़ेगा।

क्रिकेट सट्टेबाजों पर पुलिस ने की छापेमारी कार्रवाई, 12 आरोपी गिरफ्तार, लाखों कैश समेत अन्य सामग्री जब्त

रायगढ़। शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कार्रवाई कर सट्टा-पट्टी लिखने वाले 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी 13.46 लाख रुपये समेत 1 लैपटॉप, 1 टैबलेट, और 15 मोबाइल जब्त किए हैं. मामले में गिरफ्तार आरोपियों के डिटेल खंगाले जा रहे हैं. आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआं प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है.

रायगढ़ पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के सामाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा और सट्टा लिखने वालों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये गए हैं. जिस पर शहर के कई क्षेत्रों में लुक-छिपकर सट्टा पट्टी लिखने की सूचनाएं पुलिस को मुखबीरों से प्राप्त हुई. जिसके बाद सीएसपी आकाश शुक्ला और साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में टीआई मोहन भारद्वाज, टीआई प्रशांत राव, टीआई सुखनंदन पटेल, साइबर सेल, कोतवाली, जूटमिल और चक्रधरनगर स्टाफ की अलग-अलग टीमें बनाई गई. इन टीमों ने शहर के कई स्थानों पर एक साथ सट्टा रेड कार्रवाई किया. जिसमें 12 लोगों को पुलिस ने रंगे हाथ कागज, मोबाइल, लेपटाप, टैबलेट पर सट्टा-पट्टी नोट करते पकड़ा है. पुलिस की सफल सट्टा रेट में 12 आरोपियों से नगदी 13 लाख 46 हजार 780 रुपये, 15 नग मोबाइल, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, पेन, कैलकुलेटर और सट्टा पट्टी पर्ची जब्त किया गया है.

प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करने का आरोप, रिद्धि-सिद्धि कालोनीवासियों ने की थाने में शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। शहर के रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी में धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है. कॉलोनी वासियों ने मामले की शिकायत बसंतपुर थाने में की है. वहीं मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने धर्मांतरण कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

शहर के रिद्धि- सिद्धि कॉलोनी के रहवासियों बसंतपुर थाने में की गई शिकायत में बताया कि पिछले कुछ महीने से कॉलोनी में स्थित एक केरला भवन में ईसाई समुदाय द्वारा रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित किया जा रहा है. इसमें भूत-प्रेत बाधा दूर करने का झांसा और रुपयों का लालच देकर हिंदू समुदाय के लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है.

रिद्धि-सिद्धि कॉलोनीवासियों की शिकायत पर केरला भवन के प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले को पुलिस ने थाने में तलब किया. प्रभा मंडले और महेंद्र मंडले ने पुलिस को बताया कि धर्म परिवर्तन नहीं कराया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हम शांति के साथ रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं. इस सभा में लोग कई सारी समस्याएं लेकर आते हैं, जिनकी समस्याओं का समाधान होता है.

उन्होंने कहा कि आज भी रविवार होने के चलते प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था, इस दौरान कुछ लोग आए और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करने लगे. वहां के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तोड़फोड़ दिए. वहीं इस मामले में बसंतपुर थाने के प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है, जिस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अरुण गुप्ता ने कहा कि हिंदू समुदाय के लोगों का जबरदस्ती धर्मांतरण कराया जा रहा है, उन्हें बलपूर्वक बाइबल पढ़ाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि धर्मांतरण करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए.

आवश्यकता है

दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की

संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक

संपर्क करें दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com